# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, सोमवार 16 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ :-8 मूल्य :-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 340




रायपुर में कहा-31 मार्च 2026........ • गोरखपुर से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र • शमी को बंगाल की विजय हजारे ट्रॉफी.....

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेक्टर ट्राली पलटी, चार लोगों की मौत

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में ट्रेक्टर ट्राली पलटने के कारण उसमें सवार चार लोगों की मृत्यु हो गयी और कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के घाटीगांव थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए इस हादसे में ट्रेक्टर ट्राली सवार चार ग्रामीणों की मृत्यु हुयी है। मृतकों के नाम अरुण, कस्तूरी, फूलवती और रामदास बताए गए हैं। ये सभी कैथ गांव के निवासी हैं और रात्रि में कहीं से लौट रहे थे। आंतरी तिलावली तिराहे के पास वाहन पलटने के कारण यह हादसा हुआ। सूत्रों ने कहा कि ट्रेक्टर ट्राली सवार आठ से दस यात्री घायल भी हुए हैं, जिन्हें यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

### कार-बस की टक्कर में चार लोगों की मौत

**पठानमथिट्टा (केरल)।** केरल में कुडल के मुरिंजकल में रविवार तड़के एक बस एवं कार के बीच टक्कर हो जाने से नवदम्पती सहित एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि एक कार की आज तड़के 04.50 बजे कार आंध्रप्रदेश से आ रही श्रद्धालुओं से भरी बस से टक्कर हो जाने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान नवदम्पती निखिल इपेन (29) एवं अनु बिजू (26) और निखिल के पिता मथाई इपेन और अनु के पिता बीजू जॉर्ज के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब नवदम्पती मलेशिया से अपना हनीमून मनाकर तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे से वापस अपने घर रत्री लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुनालुर-मुवत्तुपुझा राज्य राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गयी जबकि महिला की पथानामथिट्टा में एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी।

### फिरोजाबाद में आग लगने से तीन झुलसे

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र में रविवार को छप्पर में लगी आग से गृहस्थी का सारा सामान राख हो गया और विवाहिता एवं उसके दो बच्चे गंभीर रुप से झुलस गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोफीपुर गांव निवासी गोटिया किराए के मकान में परिवार सहित रहता है। वह भट्टे पर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार प्रातः वह मजदूरी के लिए भट्टे पर चला गया, इधर उसकी पत्नी सुनीता मोमबत्ती जलाकर काम कर रही थी कि तभी मोमबत्ती कपड़ों पर गिर गई।

# वन नेशन-वन इलेक्शन का समर्थन करेगी बीएसपी

## कई मुद्दों लेकर मायावती ने कांग्रेस बीजेपी पर किया तंज

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने वन नेशन-वन इलेक्शन समेत कई मुद्दों को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी जनहित के मुद्दे को लेकर राजनीति से ऊपर होकर वन नेशन-वन इलेक्शन का समर्थन करती है।

उन्होंने कहा कि देश हित में सभी राजनीतिक पार्टियों को इस मुद्दे पर एक होकर इस बिल का समर्थन करना चाहिए। हालांकि उन्होंने ने कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस बीजेपी एवं समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरफ



ही बीजेपी काम कर रही है। उन्होंने आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने की योजना बना रही है। सरकारी नौकरियों में प्रमोशन में आरक्षण जैसे मुद्दे पर मौन साधे हुए है। इसे लेकर समाजवादी पार्टी पर भी उन्होंने हमला बोला। मायावती ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है जबकि जनहित के मुद्दे को छोड़कर कांग्रेस भाजपा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का आरोप लगा कर जनता के मुद्दे से भटका रही है। आप को बता दें कि देश में 1952 में पहली बार चुनाव हुए, तब भी लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए एक साथ वोट डाले गए। अगले 4 चुनावों तक ऐसा ही चलता रहा। लेकिन इसके बाद कुछ विषमताएं पैदा होने लगीं। आखिरी बार 1967 में देश में श्वन नेशन-वन इलेक्शनश् के तत्कालीन फॉर्मेट के तहत चुनाव हुए। तब उत्तर प्रदेश (जिसे पहले यूनाइटेड प्रोविंस कहते थे) को छोड़कर पूरे देश में एक चरण में चुनाव हुए। यूपी में उस वक्त भी 4 चरण में चुनाव कराने पड़े थे। 1967 का इलेक्शन आजादी के बाद चौथा चुनाव था। तब 520 लोकसभा सीटों और 3563 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले गए थे। इस वक्त तक सत्ता में केवल कांग्रेस की सरकार थी। लेकिन जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु के बाद न सिर्फइंदिरा गांधी को सहयोगियों के विरोध से जूझना पड़ रहा था, बल्कि कांग्रेस के खिलाफदेश में भी विरोधी लहर चलने लगी थी।

# उप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से, हंगामे के आसार

एजेंसी

**लखनऊ।** सोमवार से शुरु होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हंगामे के प्रबल आसार हैं। संभल की घटना को लेकर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के अलावा कांग्रेस द्वारा सरकार को घेरने की संभावना है वहीं भ्रष्टाचार,स्वास्थ्य सेवायें और किसानो के मुद्दे को लेकर विपक्ष की मंशा सरकार पर प्रहार करने की होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में श्री योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक ही परिवार की 3 महिलाओं की मौत




एजेंसी

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में रविवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से तीन महिलाओं की मौत हो गई और दो महिलाओं समेत चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महेशखूंट पुलिस थाना के प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर चौधा गांव के पास हुई।

थाना प्रभारी ने संवाददाताओं को बताया, ''दुर्घटना उस समय हुई जब ट्रैक्टर ट्रॉली को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी...जिसके बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे उसमें सवार कई लोग उसके नीचे दब गए। तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया जिनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कुमार ने कहा, ''ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और अधिकारी ट्रैक्टर के चालक के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं, जो फरार है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर में सवार ये सभी लोग झारखंड के देवघर से मुंडन कराकर वापस बंदेहरा गांव लौट रहे थे और मतृक तथा घायल सभी एक ही परिवार के थे।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच

## मुख्यमंत्री योगी ने लौहपुरुष की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न लौहपुरुष सरदार



वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया। उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता। उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है, वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा। सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है। उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। सीएम योगी ने कहाकि एक तरफ भारत मां के इस महान सपूत ने देश के एकीकरण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया तो दूसरी तरफ गुलामी के कालखंड में जिन मानबिंदुओं का अपमान हुआ था, उनकी पुनर्स्थापना का भी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराया।

### बरेली में अपहृत लेखपाल का 18 दिन बाद मिला शव

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में लेखपाल मनीष कश्यप की अपहरण बाद हत्या कर दी गई। रविवार को 18 दिन बाद उनका सड़ा-गला शव बरेली कैंट इलाका बभिया गांव पास नाले के किनारे से बरामद हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस ने एक कथित आरोपी की निशानदेही पर लेखपाल का शव बरामद किया। हत्या मामले में अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, और पुलिस जल्द ही आरोपियों के खिलाफ विस्तृत कार्रवाई करेगी। मनीष कश्यप फरीदपुर तहसील में लेखपाल थे। 27 नवंबर को ड्यूटी पर गए थे लेकिन घर वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। लेखपाल की मां मोरकली ने खल्लपुर गांव की एक जनप्रतिनिधि और उसके सहयोगियों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवार ने जिलाधिकारी में भी शिकायत की। बाद में एडीजी जोन रमित शर्मा के आदेश पर फरीदपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# फडणवीस सरकार का कैबिनेट विस्तार

## चंद्रशेखर बावनकुले समेत 39 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार पूरा हो चुका है। रविवार शाम को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान 39 विधायकों ने मंत्रिपद की शपथ ली।

शपथ लेने वालों में चंद्रशेखर बावनकुले, नितेश राणे और पंकजा मुंडे समेत भाजपा के दिग्गज नेताओं ने शपथ ली। शिवसेना की तरफ से गुलाबराव पाटिल, भारत गोगवले, संजय शिरसाट ने शपथ ली। एनसीपी की तरफ से छगन भुजबल और हसन मुश्रिफ समेत कई दिग्गजों को मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा को 19 मंत्री पद मिले, एकनाथ शिंदे की अगुवाई



वाली शिवसेना को 11 और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9 मंत्री पद मिले। तैंतीस विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि छह ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। मंत्रिमंडल विस्तार से पहले नाराजगी की खबरें भी सामने आईं। शिवसेना नेता नरेंद्र भेंडिकर ने मंत्री पद न मिलने से विधानसभा उपनेता पद से इस्तीफा दे दिया। देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्रिपद शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो चुका है। शपथ लेने वालों में चंद्रशेखर बावनकुले -बीजेपी, राधाकृष्ण पाटिल- बीजेपी, हसन मुश्रीफ- एनसीपी, चंद्रकांत पाटिल- बीजेपी, गिरीश महाजन- बीजेपी, गुलाबराव पाटिल- शिवसेना, गणेश नाइक-शिवसेना, दादा भुसे- शिवसेना, संजय राठौड़- शिवसेना, धनंजय मुंडे- एनसीपी, मंगल प्रभात लोढ़ा- बीजेपी, उदय सामंत- शिवसेना, जयकुमार रावल- बीजेपी, पंकजा मुंडे- बीजेपी, अतुल सावे- बीजेपी और अशोक उइके- बीजेपी ने शपथ ली। इसके अलावा शंभूराज देसाई- शिवसेना, आशीष शेलार- बीजेपी, दत्तात्रय भरणे- शिवसेना, अदिति तटकरे- एनसीपी, शिवेंद्र राजे- बीजेपी, माणिकराव कोकाटे- एनसीपी, जयकुमार गोरे- बीजेपी, नरहरि झिरवाल- एनसीपी, संजय सावकारे- बीजेपी, संजय शिरसाट- शिवसेना, प्रताप सरनाइक- शिवसेना, भरत गोगावले- शिवसेना, मकरंद जाधव-पाटिल-एनसीपी और नितेश राणे- बीजेपी ने मंत्रिपद की शपथ ली।

### बीजेपी को बड़ा झटका, दो नेता आप में हुए शामिल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो प्रमुख नेताओं ने आज आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया है। कस्तूरबा नगर विधानसभा के कोटला मुबारकपुर वार्ड से बीजेपी की पार्षद कुसुम लता और उनके पति रमेश पहलवान ने आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कुसुम लता और उनके पति रमेश पहलवान को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया। कुसुम लता ने इस मौके पर कहा, मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हूं कि आज मैं आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ी हूं। रमेश पहलवान ने कहा, आज मेरी घर वापसी हो रही है।

# संभल में 46 वर्ष बाद खुले मंदिर और कुएं की होगी कार्बन डेटिंग

## एएसआई को प्रशासन का निर्देश

एजेंसी

**संभल।** यूपी के संभल में अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ जारी अभियान के बीच मिले मंदिर और कुएं का कार्बन डेटिंग कराई जाएगी। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने रविवार को कहा कि 46 साल बाद खोले गए मंदिर और कुएं की कार्बन डेटिंग के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को पत्र लिखा गया है। डीएम ने बताया कि यह कार्तिक महादेव का मंदिर है और यहां जो कूप (कुआं) मिला है वह अमृत कूप है। मंदिर में पूजा भी शुरू



हो गई है। यहां पर अब भी अतिक्रमण है। कल कुछ अतिक्रमण हटाया गया और बचा हुआ अतिक्रमण भी हम हटाएंगे। इस बीच, पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी से कवर किया गया है और यहीं पर कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है जिससे यहां चौबीसों घंटे सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और कोई अराजक तत्व यहां ना आ सके। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली चोरी के मामले में 49 प्राथमिकियां दर्ज हो चुकी हैं और कुछ प्राथमिकी आज दर्ज हो रही है। जो लोग गलियों में अवैध रूप से व्यापार कर रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रखने का निर्णय किया है। नालियों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए हमने मुनादी के जरिए लोगों को सूचना दे दी थी। इसके लिए हमने छह टीमें बनाई हैं जिसमें छह बुलडोजर होंगे। वहीं स्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए हम नोटिस देंगे।

### सपा नेता के भाई पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े सपा कार्यालय के नीचे बैठे सपा नेता के भाई पर पिस्टल तान कर उसकी हत्या करने का प्रयास किया है। जिसपर वहां खड़ी भीड़ ने आरोपी बाइक सवार युवक को पिस्टल सहित दबोच कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित सपा कार्यालय के पास का है। यहाँ सपा नेता सूरज पटेल अपने भाई मुकेश के साथ सपा कार्यालय आया हुआ था। मुकेश कार्यालय के अंदर ना जाकर बाहर एक दुकान के पास बैठा हुआ था। तभी तीन बाइक सवार बदमाश आये और मुकेश पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने पिस्टल से फायरिंग की कोशिश की।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें

WhatsApp करें।

9935781155, 9415052283

# गन्ने के साथ सहफसली खेती से किसानों का बदलेगा भाग्यः सुरेन्द्र कुशवाहा

**जिले में 1041 करोड़ किसानो को गन्ना मूल्य भुगतान के रूप में मिला : ओम पकाश गुप्ता**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कुशीनगर।** तमकुहीराज रामलीला मैदान मे आयोजित किसान मेला/गोष्ठी में कई विभागो द्वारा प्रदर्शनी लगाया गया है। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर द्वारा लगायी गयी आकर्षक गन्ना प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि फाजिल नगर के विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा को गन्ना कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ने के साथ आलू, लहसून, गोभी, टमाटर, प्याज, गेहूँ, मटर, तोरिया, आदि का फोटो ग्राफ दिखाते हुए बताया कि किसान गन्ने में आलू बोकर मात्र 3 माह में एक एकड़ खेत से लगभग 80 से 90 कुन्तल आलू प्राप्त कर सकते है जो एक लाख से अधिक का होगा। विधायक ने पूछा लहसून कब बोया जाएगा, कब खुदाई होगी, एक एकड़ में कितना लहसुन होगा। इस सवाल के जवाब में कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि शरदकालीन गन्ने के



साथ, दो लाईन के बीच 3 या 4 लाईन बोया जाता है मार्च में खुदाई होती है।

40 से 45 कुन्तल लहसून एक एकड़ में होगा जो लगभग दो लाख का होगा। प्याज मई मे खुदाई होगी, एक लाख से अधिक का होगा, फोटोग्राफ देखकर विधायक श्री कुशवाहा ने बताया कि किसानो का भाग्य बदल देगा, गन्ने के साथ आलू , लहसून, प्याज, की सहफसली खेती, किसान अपनी सुविधानुसार खेत को देखते हुए, गन्ने के साथ सहफसली खेती करें। इससे किसान की आय बढ़ेगा, खुशहाली आएगी। यही भाजपा सरकार की मंशा है। हमने दुदही, फाजिल नगर विकास खण्ड में अपोजित कृषक गोष्ठी में भी गान्ने के साथ सहफसली खेती का फोटोग्राफ ओम प्रकाश गुप्ता ने दिखाया था, इससे किसनो में जागरुकता बढ रही है। ओम प्रकाश गुप्ता ने विधायक को बताया जिले में 1041 करोड़ रूपया गन्ना फसल ने किसानो को गन्ना मूल्य भुगतान के रूप में मिला है। पूर्वांचल का सबसे बड़ा गन्ना जिला है इस वर्ष एक लाख पाँच हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की खेती सवा दो लाख किसानों ने किया।

विधायक कुशवाहा को गन्ने बी तैयार एक आँख पौद्या का ट्रे भेट किया। गन्ना 14 फुट का गन्ना दिखाया और बताया कि गन्ना कृषको का एक अध्ययन दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भ्रमण व प्रशिक्षण के लिए जा रहा है। विधायक को उप कृषि निदेशक आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डा मेनका, भूमि संरक्षण अधिकारी, विषय विशेष जमालूदीन अंसरी ने विभिन्न स्टाल का भ्रमण कराया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सेवरही हरेन्द्र विश्वकर्मा ने गन्ना विकास योजनाओ के विषय में सहित्य दिया।

विधायक ने कहा कि गन्ना संस्थान गन्ने के साथ सहफसली खेती करने के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाए।

# तीन नवयुवकों का सीआईएसफ में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गांगी बाजार/ महाराजगंज।** होनहार बिरवान के चिकन पात को चरितार्थ किया है पनियरा क्षेत्र के ग्राम सभा नरकटहा निवासी दीपक निषाद, संदीप निषाद एवम् डोमरा निवासी ईश्वर देव निषाद। कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत इन नवयुवकों का चयन सीआईएसएफ में हुआ।

इनके चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर है एवम् प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नव युवकों के लिए प्रेरणा मिलेगी। क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह प्रधान, हरि श्याम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव,पत्रकार अरविन्द कुमार कनौजिया,विनोद तिवारी, विनोद गुप्ता, अभय सिंह, महेश गुप्ता, डॉक्टर श्री भागवत निषाद, नौमीनाथ निषाद, श्रीनाथ गुप्ता , जयराम निषाद, महेंद्र निषाद धीरज निषाद समेत अनेक लोगों ने बधाई दी।

## संक्षिप्त सामाचार

### कमरे का दरवाजा तोड़कर पचास हजार की चोरी

**कुशीनगर।** जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बिहार बुजुर्ग गांव में एक व्यक्ति के रिहायशी मकान से अज्ञात चोरों द्वारा दिनदहाड़े पचास हजार से अधिक की नकदी व कीमती आभूषण की चोरी की गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौप कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी मुन्ना प्रसाद ने पुलिस को सौंपे तहरीर में बताया कि बीते 11 दिसम्बर को दिन में 10 बजे से 1 बजे के बीच मे उनके घर के एक कमरे का दरवाजा तोड़कर 18 हजार रुपये नकदी व करीब 35 हजार रूपये की आभूषण की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई है। पीड़ित के मुताबिक इस दौरान उनका परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था, घर पर कोई मौजूद नही था। इस सम्बंध में पुलिस ने बताया कि मामला सज्ञान में है, छानबीन की जा रही है।

### ब्याज माफ योजना का लाभ लें उपभोक्ता

**श्रावस्ती।** जिले में विकास क्षेत्र जमुनहा के विद्युत उपकेंद्र उरलहवा बंजारन पुरवा के अवर अभियंता अदित्य गुप्ता ने बताया कि इस समय बकाया बिल जमा करने पर ब्याज माफ करने की योजना चल रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बड़े बिजली बिल बकायादार उपभोक्ता दिसम्बर माह तक बकाया बिजली बिल में ब्याज माफ योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए दिसंबर माह तक ही मौका है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि बकाएदार उपभोक्ता समय से अपना बकाया बिजली बिल जमा करा दें। जिससे उन्हें बिल में ब्याज देने से मुक्ति मिल सके।

### चीनी मिल का भ्रमण कर बच्चों ने ली जानकारी

**जमुनहा, श्रावस्ती।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत रविवार को विकास क्षेत्र जमुनहा से छह से आत तक परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं शैक्षिक भ्रमण कराया गया। खंड शिक्षाधिकारी आलोक कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों के बस को रवाना किया। इसके बाद बस बच्चों को लेकर बहराइच जनपद के नानपारा स्थित चीनी मिल पहुंची।

जहां बच्चों को चीनी मिल का भ्रमण कराकर तकनीकियों की जानकारी दी गई। चीनी मिल के अंदर बच्चे चीनी बनाने की विधि व विभिन्न मशीनों की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। चीनी मिल में स्थित नवग्रह वाटिका व गुलाब वाटिका का अवलोकन भी किया। इस मौके पर रामनिवास वर्मा, राजेश कुमार गौतम, पवन कुमार वर्मा, मनोज यादव, बीना वर्मा, फिज्जा खातून, अमित कुमार, एआरपी अवधेश वर्मा, वेद प्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नहरों में नहीं आ रहा है पानी, किसान कैसे करें सिंचाई

**उतरौला, बलरामपुर।** क्षेत्र के अधिकतर गांव के किसान असिंचित एरिया होने के कारण नहर पानी से खेतों की सिंचाई करने के भरोसे रहते हैं। इस समय नहरों में पानी न होने से फसलों की सिचाई नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि गेहूं, चना, मटर, मसूर, लाही, सरसों, आलू आदि फसलों को वर्तमान में सिंचाई की बेहद जरूरत है। नहर में पानी आने का इंतजार किसान इस समय कर रहे हैं। अंबिका, राज मोहम्मद, सोमई, बीपत राम, अब्दुल कादिर, मोहम्मद नजीर, एहसानुल्लाह, मुर्तजा, हसन मोहम्मद आदि किसानों का कहना है कि नहर में पानी संचालन न होने से फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। साधन संपन्न किसान तो निजी पंपिंग सेट से सिंचाई कर लेते हैं, लेकिन छोटे किसानों की फसलें संसाधनों के अभाव में सूख रही हैं। किसानों का आरोप है।

# राज्य पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक डॉ0 वी0 के0 पटेल को परिषद ने दी बधाई

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज गोरखपुर के शिक्षक डॉ वीरेन्द्र कुमार पटेल को राज्यपाल द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने हर्ष जताया है,परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव और महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने डॉ0 पटेल को फोन कर उन्हे बधाई दिया है। डॉ0 पटेल वर्ष 2010 से महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। महाराजगंज जनपद के बड़हरा निवासी डॉ पटेल की प्रारंभिक शिक्षा गणेश शंकर विद्यार्थी इण्टर कालेज महाराजगंज में हुई उच्च शिक्षा हेतु यह गोरखपुर आए और पं0 दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय से बीएससी, एमएससी, और पीएचडी की डिग्री प्राप्त किए डॉ राजेश पटेल जूनियर रिसर्च फेलोशिप भी प्राप्त कर चुके हैं। डॉ पटेल शुरू से ही मेधावी रहे है सिविल सर्विसेज परीक्षा में भी दो बार साक्षात्कार तक पहुंच चुके हैं एक शिक्षक के रूप में इन्होंने विद्यार्थियों के बीच लोकप्रियता का कीर्तिमान गढ़ा है। राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु इनका नाम चयनित होने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कर्मचारी नेताओ ने इन्हें बधाई दिया है। बधाई देने वालों में रूपेश श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ल मुकेश कुमार राजेश सिंह अशोक पांडेय पंडित श्याम नारायण शुक्ल राजेश मिश्र कनिष्क गुप्ता अनूप कुमार श्रीवास्तव इजहार अली आदि कर्मचारी नेता शामिल रहे।

# आग लगाकर भाइयोंः पत्नियों बच्चों को मारने की कोशिश

**पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का अभियान किया तेज, सीओ के नेतृत्व में दिया गया दबिश**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** बड़े भाई की साजिश से शुक्रवार को छोटे भाइयों पत्नी-बच्चे समेत पांच झुलस गए थे जिन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है सनकी बेचन को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई हैं क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज गौरव तिवारी मजनू चौकी प्रभारी अमित चौधरी के साथ बेचन की पत्नी शांति निषाद की फुआ के गांव बंजरहा में धर की तलाशी लिया गया। बेचन अपने भाइयों बच्चों भाइयों की पत्नियों के मारने की नीयत से अपने साथ में थिनर लेकर आया था दरवाजे के नीचे से थिनर अंदर डाल कर आग लगा दिया बाहर रखे सिलेंडर के पाइप को अंदर कर गैस खोल दिया जिससे आग विकराल रूप धारण कर ली घर में रखें फ्रिज का गैस लीक होने से जबरदस्त विस्फोट हुआ विस्फोट



होने से बाहरी दीवार भर भरा कर गिर गया जिसकी वजह से पति-पत्नी दो बच्चों की जान किसी तरह बच सकी लेकिन गंभीर रूप से झुलस गए बगल के कमरे में छोटा भाई अपने पत्नी के साथ सो रहा था उस कमरे में भी थिनर डालकर आग लगा दिया और दोनों कमरों में ताला बंद कर दिया छत पर सो रहे पिता को भी मारने की नीयत से सीढ़ी पर ताला बंद कर दिया और वहां भी आग लगा दिया रिश्तेदारों ने बताया कि बेचन हैदराबाद में रहकर कमाता था वहां भी एक व्यक्ति की हत्या करके फरार हो गया है जो अपने ससुराल में एक साल से रहता है दो दिन पहले अपने घर आया था छोटे भाई की शादी 4 अक्दुबर हुआ था शादी में बेचन को पिता मुन्नी लाल नहीं बालाएं थे इसके आदतों से लेकिन मुन्नीलाल अपने घर पर रह कर घर की रखवाली कर रहा है दो बेटा दो नाती दो बहू मेडिकल कॉलेज में जिंदगी मौत की सांस ले रहे हैं। बेचन घर आकर अपने दो भाइयों भाई की पत्नियों बच्चों की हत्या करना चाहता था लेकिन ऊपर वाले ने बचा लिया बेचन को गिरफ्तार करने के लिए एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव टिम गठित कर दिए हैं जिसे गिरफ्तार करने के लिए टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं गिरफ्तार होने के बाद ही पता चलेगा कि भाइयों उनकी पत्नियों बच्चों को जला कर मारने के पीछे बेचन की क्या मनसा थी।

# ऑल इंडिया स्माल न्यूजपेपर्स एसोसिएशन (आइसना) की मासिक बैठक हुआ संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर ।** 15 दिसंबर 24 दिन रविवार को ऑल इंडिया स्माल न्यूज पेपर्स एसोसिएशन (आइसना) की मासिक बैठक चौधरी चरण सिंह नलकूप निरीक्षण भवन (डाक बंगला) रेलवे स्टेशन रोड गोरखपुर के मीटिंग हॉल में सम्पन्न हुई।

बैठक में संस्था की माह जनवरी 2024 में पुन: सदस्यता नवीनीकरण एवं जनवरी में होने वाले संस्था के पुनर्गठन व विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री रामकृष्ण पट्ठू जी एवं संचालन श्री सतीश चंद्र शुक्ल जी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के संरक्षक डॉक्टर मुमताज खान ने कहा कि गंम्भीर बीमारी से पीड़ित पत्रकार साथी के लिए एक सहायता कोष बनाने का सुझाव दिया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष



उमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि संगठन सदैव लघु समाचार पत्रों एवं पत्रकारों के हितों के लिए शासन प्रशासन से समय-समय पर पत्राचार के माध्यम से समस्याओं को उठाने का काम करती है। बैठक में श्री रामकृष्ण पट्ठू ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाए जिससे किसी भी समस्या को आसानी से हल किया जा सके। बैठक का संचालन करते हुए डॉक्टर सतीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों को अपनी लेखनी और अपने आचरण से समाज में जन जागरूकता का संचार करना चाहिए । बैठक में श्री करूण गोरखपुरी ने कहा कि हमारा संगठन आने वाले दिनों में जनहित की कुछ समस्याओं को लेकर प्रशासन से निराकरण के लिए बात करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर जवाहरलाल निगम ने कहा कि सदस्य व पत्रकार किसी भी अखबार या संगठन की रीढ़ होता है। बैठक में मुख्य रूप से श्री उमेश चंद्र मिश्र,श्री राम कृष्ण पट्ठू, डॉ मुमताज खान श्री करुण गोरखपुरी, डा0 जवाहर लाल निगम ,श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव ,श्री गौरव श्रीवास्तव, सैयद अकील अहमद, श्री सतीश चंद्र शुक्ल, श्री कमलेश मणि त्रिपाठी, श्री संजय कुमार मिश्र ,श्री आशुतोष कुमार, श्री सूर्य प्रकाश गुप्ता, श्री लाडले, श्री विवेक कुमार , श्री सुरेन्द्र पांडेय,सहित अन्य संपादक प्रकाशक एवं पत्रकार भी उपस्थित रहे।

### श्रम जीवी पत्रकार यूनियन की बैठक सम्पन्न, जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जमुनहा तहसील कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जमुनहा तहसील सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जमुनहा तहसील कार्यकारिणी का नये सिरे से गठन किया गया। तहसील संरक्षक पद पर तीसरी बार सुधीर सिंह व तहसील अध्यक्ष के पद पर दूसरी बार बाबू राम पाठक का चयन किया गया। नन्द कुमार गुप्ता व प्रदीप त्रिपाठी उपाध्यक्ष बने। नितिश कुमार तिवारी महामंत्री व अमित कुमार विश्वास व संदीप त्रिपाठी मंत्री चुने गए। मीडिया प्रभारी राहुल जायसवाल को चुना गया। प्रचार मंत्री हिमांशु गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास रस्तोगी का चयन किया गया। इसी तरह से संतोष कुमार गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। यूनियन के जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने सभी को बधाई दी और संगंठन के हित में कार्य करने को प्रेरित किया।

**सेना दिवस :** सेवानिवृत्त सैनिकों का भठही बाबू में होगा अभिनंदन

# 15 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय सैनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कुशीनगर।** राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा आगामी 15 जनवरी 2025 को भठही बाबू के जूनियर हाइस्कूल परिसर में सैनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन कर जिले के सभी सैनिकों का अभिनंदन किया जाएगा, को लेकर प्रधान सुभाष कान्दू की अध्यक्षता में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई।

रविवार को बैठक में भठही बाबू सहित क्षेत्र के अन्य गांवों के लोग उपस्थित रहे और सभी ने भारतीय सेना व राष्ट्र सपूतों के सम्मान में आयोजित इस क्रार्यक्रम को हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाने की बात कही। संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि



कसया अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, चंदेश्वर शर्मा परवाना, पेशकार गौड़, ब्रज नारायण प्रसाद गौड़, गोपाल राव, अजय यादव, रंजीत कुमार, अनिल मद्देशिया, अमरनाथ भारती, कृष्णमोहन, अजय कुमार, दशरथ यादव, ऋषभ राव, राजेश चौधरी, चंद्रभूषण मिश्र, जयराम पटेल, प्रशांत किशोर यादव, अश्विनी द्विवेदी, पंडित कन्हैया मिश्र, हरेंद्र कुमार यादव, अनिल तिवारी, आदित्य कुमार पांडेय, राहुल कुमार गौतम, महेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पत्रकारिता चुनौतियां से भरा पड़ा हैः विवेकानंद पाण्डेय

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया ब्लाक क्षेत्र के राजेश मणि इण्टर कालेज नौरंगिया में रविवार को ग्रामीण पत्रकार ऐसोसिएशन के तत्वावधान में तहसील स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। पत्रकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। अखबारों के माध्यम से बहुत सी जानकारियां हम सभी लोगों को मिलती हैं और हम जन प्रतिनिधि उस समस्या का समाधान करते हैं। निर्भीक होकर तथ्य परक खबरों को प्रकाशित करना आप सभी की जिम्मेदारी है। खड्डा चेयरमैन दुर्गेश वर्मा ने कहा कि पत्रकार सदैव से सम्मानित रहा है। इस डिजिटल युग में भी प्रींट मिडिया पर लोगों का



सबसे अधिक विश्वास रहता है। उस विश्वास को निरंतर बनायें रखने की आप सभी की जवाबदेही और जिम्मेदारी है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष संतोषमणी त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता बहुत ही संघर्ष और चुनौतीपूर्ण है। सीमित संसाधनों में स्थानीय मुद्दे और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को कलम के माध्यम से जिम्मेदारों तक पहुंचाने का कार्य ग्रामीण पत्रकार करते हैं। तहसील अध्यक्ष खड्डा महेन्द्र पाण्डेय ने सभी आगंतुक के प्रति आभार जताया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेश उपाध्याय व संचालन अनूप मिश्रा ने किया। इस दौरान संजय पाण्डेय, सुमंत कुशवाहा, नत्थू शर्मा, फणेन्द्रे पाण्डेय, हरिशंकर चौबे, कृष्ण मोहन पाण्डेय, पारसनाथ पाण्डेय, उपेन्द्र तिवारी, बंटी सिंह, विद्याधर तिवारी, लल्लन गुप्ता, सुरेन्द्र कुशवाहा, रविन्द्र यादव, शम्भू गुप्ता, नितेश चौधरी, जाकिर भाई, पप्पू अंसारी, अजय तिवारी, हरिओम तिवारी, सूरजभान भारती, धर्मेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# फोर्टिस हॉस्पिटल व जेसीआई के बीच साझेदारी

**स्वास्थ्य सेवाओं का मिलेगा लाभ**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** अपने सामुदायिक स्वास्थ्य संपर्क का विस्तार करने और स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए गोरखपुर के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से फोर्टिस हॉस्पिटल ने गोरखपुर में जूनियर चैंबर इंटरनेशनल (जेसीआई) गोरखपुर मिडटाउन के साथ साझेदारी की है। सहयोग की आधिकारिक घोषणा कोर्टयार्ड बाय मैरियट, गोरखपुर में आयोजित सहयोग सम्मेलन 2024 की औपचारिकता डॉ. राहुल भार्गव, , प्रधान निदेशक और हेमेटोलॉजी के प्रमुख, हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम, डॉ. नवल मेंदीरत्ता, वरिष्ठ सलाहकार, रुमेटोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम, डॉ. कौशल कांत मिश्रा, निदेशक, ऑर्थोपेडिक्स और




जॉइंट रिप्लेसमेंट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, डॉ. परेश जैन, निदेशक, यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट और जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन, के जेएफएम मोहित मित्तल, अध्यक्ष, एचजीएफ नितेश पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष, जेसीआरटी रुचिता जगनानी, अध्यक्ष। की उपस्थिति में हुई। डॉ. राहुल भार्गव, प्रधान निदेशक और हेमेटोलॉजी के प्रमुख, हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम ने कहा, जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन के साथ हमारा सहयोग उच्चतम मानक की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह सहयोग न केवल क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की हमारी क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा में व्यापक प्रवृत्ति का उदाहरण भी देता है, जहां विश्व स्तरीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सम्मेलन महत्वपूर्ण है। हम राज्य में स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारा दृढ़ विश्वास है कि जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन के साथ काम करने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक अंतर आएगा। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट के निदेशक डॉ. कौशल कांत मिश्रा ने कहा, यह साझेदारी गोरखपुर के निवासियों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम सामुदायिक स्वास्थ्य संपर्क के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन के अध्यक्ष जेएफएम मोहित मित्तल और पूर्व अध्यक्ष एचजीएफ नितेश पोद्दार ने कहा, हम फोर्टिस हॉस्पिटल्स के साथ अपनी साझेदारी के लिए आभारी हैं। यह सहयोग शहर के स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और हमें गोरखपुर के लोगों की सेवा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

दीर्घकालिक सहयोग समझौते के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया यह सहयोग, राज्य के लोगों के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस अवसर पर डॉ सुहैल आलम, सुधीर गोपालिया, अभिषेक सिंह, विकास स्वरूप, एच जी एफ पुनीत अग्रवाल ,जे एफ डी सलिल कुमार श्रीवास्तव , जे एफ एम आयुष गर्ग ,जेसी किशन अग्रवाल ,एच जी एफ विभोर पोद्दार जेसी अनुपम अग्रवाल मौजूद थे।

# कॉस्मेटिक गाय नेकोलॉजी व आईवीएफ सेंटर का हुआ शुभारंभ

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में पॉलीटेक्निक चौराहा स्थित आशीर्वाद हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कास्मेटिक गायनेकोलॉजी व आईवीएफ सेंटर का भव्य शुभारंभ पूर्व विभाग अध्यक्ष गायनिकोलाजी डॉक्टर मंजू वर्मा डॉक्टर शुभा सिंह,शकुंतला यादव,डॉक्टर अंजू , डॉक्टर लाल जी प्रसाद,डॉक्टर आर के गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया किया। इस मौके पर डॉक्टर अंजू ने कहा कि यह सेंटर महिलाओं के लिए उन्नत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। प्रसूति और स्त्री रोग के क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित हस्ती है, और अन्य प्रतिष्ठित मेहमानों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई 7 इस सेंटर का उद्देश्य महिलाओं को बांझपन से जुड़ी समस्याओं और सम्पूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों का समग्र समाधान प्रदान करना है।

मुख्य अतिथि डॉ मंजु वर्मा ने कहा, यह सेंटर महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारा लक्ष्य उन्नत तकनीकों के माध्यम से बेहतर और निजी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इस सेंटर में आधुनिक आईवीएफ सुविधाएं जैसे आईवीएफ, आईसीएसआई, एग फ्रीजिंग और जेनेटिक टेस्टिंग उपलब्ध हैं, साथ ही कास्मेटिक गायनेकोलॉजी विभाग में लेबियोप्लास्टी, वैजाइनल रीजुवनेशन और पोस्ट-प्रेग्नेंसी ट्रीटमेंट्स जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। आशीर्वाद हॉस्पिटल के संस्थापक, डॉ. विनोद और डॉ. अंजू कनोजिया ने कहा, यह सेंटर महिलाओं को सम्पूर्ण स्वास्थ्य की बेहतरीन सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार उच्च स्तरीय सेवाये देकर उनके स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन में सुधार करना है। अतिथियों ने सेंटर की अत्याधुनिक सुविधायों का अवलोकन किया और इसके बेहतरीन प्रयासों की सराहना की। महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह सेंटर एक नई क्रांति लाएगा और हजारों महिलाओं और दंपतियों के लिए उम्मीद की नई किरण साबित होगा। इसमे जौनपुर ऑबस और गायनी एसोसिएशन के सभी सदस्य,डॉ. प्रियंबदा डॉ. अंबर खान

डॉ. शैली निगम, डॉ. राश्मि मौर्य,डॉ. शोभा बिंद, डॉ. कुशुम पांडे, डॉ. शिल्पी सिंह,डॉ.रीता दुबे,डॉ. बीना त्रिपाठी,डॉ. पंखुड़ी श्रीवास्तव,डॉ. पी. सिंह,डॉ. स्वेता गुप्ता,पूजा यादव डॉ. प्रिया पाटिल उपस्थिति रहे। आये हुए सभी आंगतुकों का स्वागत आर0 डी0 चौधरी, सुनील कनौजिया, गुंजन श्रीवास्तव, मो0 अज़हर ने किया और आभार डॉक्टर विनोद कुमार ऑर्थो सर्जन ने किया।

# फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू, योजना किसानों के लाभ के लिए है: जिलाधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के निर्देश के क्रम में उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडे ने अवगत कराया है कि फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह योजना किसानों के लाभ के लिए है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, और अनुदानों का लाभ आसानी से मिल सके।

रजिस्ट्री के लाभ इस प्रकार है - सटीक पहचान ~ इससे भूमि और फसल का सही रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। सरकारी योजनाओं का लाभ~ कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता दी जाएगी। डिजिटल सुविधा~ यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल है, जिससे किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। सीधी सहायता ~ सब्सिडी, बीमा, और अन्य लाभ सीधे आपके बैंक खाते में पहुंचेंगे। रजिस्ट्री के लिए आवश्यक दस्तावेज हैं -आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन व नम्बर, भूमि रिकॉर्ड (खसरा-खतौनी की प्रति), स्वयं कृषक। पंजीकरण कैसे करें~ ऑनलाइन माध्यम ~ सरकारी पोर्टल पर लॉग इन करके फार्मर रजिस्ट्री का फॉर्म भरें। कॉमन सर्विस सेंटर छ्स्स्~ अपने नजदीकी छ्स्स् केंद्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करवायें।कृषि विभाग व राजस्व विभाग- द्वारा आयोजित कैम्प में जाकर।सभी किसान भाई और बहन से अनुरोध है कि जल्द से जल्द अपना कार्य पूर्ण करवायें।

किसी प्रकार की समस्या होने पर कृषि विभाग व राजस्व विभाग से संपर्क करें।

आधुनिक कृषि के लिए डिजिटल रजिस्ट्री का लाभ उठाएं और अपनी फसल व भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

# पत्रकार का निधन शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि



शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा शशिमोहन सिंह क्षेम की अध्यक्षता में एक शोक सभा संपन्न हुई, जिसमें पत्रकार कपिलदेव मौर्य के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। उक्त अवसर पर जौनपुर पत्रकार संघ के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, डा. मधुकर तिवारी, पं. रामदयाल द्विवेदी, डा. भारतेन्दु मिश्र, लोलारख दूबे, विनोद विश्वकर्मा, जेड हुसैन बाबू, राजेश मौर्य, बेहोश जौनपुरी, डा.राम सिंगार शुक्ल गदेला, शशिशेखर प्रताप सिंह, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, रूद्र प्रताप सिंह, अखिलेश तिवारी अकेला, वीरेन्द्र मिश्रा विराट, वीरेन्द्र पांडेय प्रकाश चंद्र शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# इस्लामिक वेलफेयर सोसायटी का चुनाव संपन्न मौलाना अनवर कासमी पुनः बने महासचिव

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** शहर की मशहूर सामाजिक और शैक्षणिक संस्था इस्लामिक वेलफेयर सोसायटी बल्लोच टोला जौनपुर की प्रबंधन समिति का चुनाव रविवार को जामिया मोमिना लिल बनात जामिया नगर में संपन्न हुआ,गौर तलब रहे कि सहायक रजिस्ट्रार फॉर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स वाराणसी के आदेश 3490/ए जेड- 1113/2024-25 वाराणसी दिनांक 16/11/2024 के अनुपालन में चुनाव अधिकारी मंजूलता वर्मा प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जौनपुर के द्वारा घोषित/विज्ञिपित कार्यक्रम के आधार पर नियमानुसार निष्पक्षता के साथ संपादित कराया गया। प्रबंधन समिति चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस बल को भी तैनात किया गया,इस दौरान इस्लामिक वेलफेयर सोसायटी के जनरल सीक्रेट्री मौलाना अनवार कासमी ने मीडिया को बताया कि प्रबंधन समिति के सभी 7 पदाधिकारी और मैनेजमेंट कमेटी के 8 निर्विरोध चुने गए,चूंकि पूर्व अध्यक्ष अबुल वफ़ा चुनावी कार्यवाही में शामिल नहीं हुए इसलिए अंसार अहमद कासमी को निर्विरोध अध्यक्ष बन गए हैं जबकि अनवर कासमी को निर्विरोध जनरल सीक्रेट्री के पद पर निर्विरोध चुने गए हैं। चुनावी कार्यवाही के दौरान श्रीमती मंजू लता ने साधारण सभा में उपस्थित सदस्यों के समक्ष किया गया,इस दौरान उन्होंने बताया कि चुनाव के समय सोसायटी के चुनाव के अतिरिक्त कोई दूसरा चुनाव संपादित नहीं किया गया।

# उदासीन अरवाड़ा हिंदू सरनेम लगाने वाले लोगों को करेगा सम्मानित: महंत धर्मेंद्र दास

## सरनेम बदलने वाले लोगों को देश-विदेश से मिल रही है धमकियां

शकुन टाइम्स संवाददाता

**केराकत/जौनपुर।** मुस्लिमों द्वारा अपने नाम में हिंदू टाइटल जोड़ने के बाद चर्चा में आए डेहरी गांव पूरे देश में विख्यात हो गया है। इतना ही नहीं विदेश में इस गांव की चर्चा जोरों पर है। एक तरफ जहां मुस्लिम लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है तो वहीं हिन्दू समुदाय के लोग इसका स्वागत कर रहे हैं। ऐसे में सरनेम बदले मुस्लिम लोगों को देश व विदेश से धमकियां भी मिलनी शुरू हो गई है। जब इसकी पड़ताल की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक हम लोगों के फोन पर धमकी नहीं मिली है पर हमारे जो परिवार के लोग देश विदेश हैं उनको लोग धमकी दे रहे हैं जिसके माध्यम से हम लोगों को पता चल रहा है। इन सब के बीच महाकुंभ से एक ऐसा बयान आया जिसको लेकर हर कोई आश्चर्य रह गया। बता दें कि हिंदू आस्था का प्रतीक महाकुंभ मेले का आगाज होने वाला है ऐसे में उदासीन अखाड़ा के महंत धर्मेंद्र दास का एक बयान मीडिया पर आते ही जनपद में खुशी का माहौल छा गया। महंत धर्मेंद्र दास ने ऐलान किया कि डेहरी गांव के मुस्लिम लोग जो अपने नाम के आगे हिंदू गोत्र लगाकर अपना सरनेम बदला है, ऐसे लोगों को उदासीन अखाड़ा सम्मानित करेगा। जल्द ही उन लोगों को निमंत्रण पत्र मिल जाएगा जिसकी खबर होते ही डेहरी के सरनेम बदले मुसलमानों में खुशी की झलक देखने को मिली। उन्होंने कहा कि न्योता आएगा तो हम लोग जाएंगे जरूर जिसके बाद यह खबर मीडिया सुर्खियां बनने लगी।

**नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे- फरहान अहमद**

गांव में अमन, शांति का माहौल है जो विदेश में हैं और दो-चार लोग जो गांव में है फेसबुक, सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं मगर उनके नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जायेगा। यह डेहरी गांव है जो विश्व पलट पर गंगा जमुना तहजीब की मिशाल दे रहा है। हमारे भाई केवल सरनेम बदले हैं न कि धर्म परिवर्तन किए हैं यह धर्मनिरपेक्ष देश है यहां हर किसी को अपने तरीके से जीने का हक है। आज डेहरी गांव के कंधे से कंधा मिलाकर स्थानीय प्रशासन खड़ा है जिसकी जितनी भी सराहना की जाय कम है। ऐसे में जो भी माहौल खराब करने का प्रयास करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना घटित न हो, जिससे चलते आपसी भाईचारा का माहौल खराब हो सके।

## संक्षिप्त सामाचार

### पूर्व गृह राज्यमंत्री ने जताया शोक

**जौनपुर।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री एंव विगत लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे कृपाशंकर सिंह ने पत्रकार कपिलदेव मौर्य के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। दूरभाश पर उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए कहाकि स्व. मौर्य कई दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे थे। उनके निधन से जौनपुर की पत्रकारिता पर गहरा आघात पहुंचा है। परमात्मा उनके परिवार को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### गेस्ट हाउस में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**वाराणसी।** इंग्लिशिया लाइन स्थित रोजेज इन गेस्ट हाउस में रविवार को सोनभद्र के डिबुलगंज (अनपरा) निवासी 30 वर्षीय दिलशाद की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसकी नाक से खून निकल रहा था। उसके साथ ठहरा साथी सुबह से लापता है। दिलशाद अपने दोस्त नंदन झा के साथ बीते 13 दिसंबर से गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 101 में रुके थे। दोनों 15 दिसंबर तक कमरा बुक कराये थे। नंदन झा रविवार सुबह गेस्ट हाउस से निकल गया। इधर दिलशाद कमरे पर था। शाम को गेस्ट हाउस के कर्मचारी सफाई के लिए गये तो दरवाजा चिपका था। धकेलने पर दरवाजा खुल गया और अंदर बेड पर दिलशाद मृत पड़ा था।

### कबीर रोड व्यापार मंडल की स्मारिका का विमोचन

**वाराणसी।** कबीर रोड व्यापार मंडल की पहली स्मारिका का विमोचन रविवार को हुआ। पिपलानी कटरा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम में वयोवृद्ध व्यापारी नेता मोहनलाल सरावगी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, समेत काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राकेश जैन, महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा, वाराणसी व्यापार मंडल काशी प्रांत के अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरी, राजकुमार शर्मा, कबीर रोड व्यापार मंडल के संरक्षक शिवप्रकाश, अध्यक्ष सनी जौहर, महामंत्री कीर्ति प्रकाश पाण्डेय ने स्मारिका का विमोचन किया।

# पुलिस जवानों हेतु आयोजित हुआ तनाव प्रबंधन कार्यशाला

शकुन टाइम्स संवाददाता




**वाराणसी।** पुलिस लाइन सभागार, वाराणसी में पुलिस जवानों के तनाव प्रबंधन हेतु वाराणसी कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर श्री मोहित अग्रवाल के निर्देश से एक दिवसीय तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों को तनाव से बचाव के उपाय से अवगत कराते हुए।

मुख्य वक्ता मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार तिवारी, वरिष्ठ परामर्शदाता, ए आर टी सेंटर, एसएस हॉस्पिटल, आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी ने जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपसी सहयोग व समर्थन, धनात्मक सोच, कार्य को बोझ नहीं उत्तरदायित्व समझकर करने, नियमित दिनचर्या, उचित आहार, नशा से वचाव, 7 घंटे गुणवत्तापूर्ण नींद व नियमित व्यायाम करने से जवान तनाव मुक्त रहकर राष्ट्र सेवा करने में अपना सर्वोत्तम योगदान दे सकते हैं। डॉ तिवारी ने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ नियमित अंतराल पर मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण भी कराते रहना चाहिए ताकि मानसिक समस्याओं का भी समय रहते पहचान कर उनका निवारण व उपचार किया जा सके।

# बनारसी शाही ड्रीम रेस्टोरेंट का हुआ शुभारंभ

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** आशापुर ओवरब्रिज के पास शनिवार को बनारासी शाही ड्रीम रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। जिसका शुभारंभ नारद महाराज द्वारा हुआ। सारनाथ रेलवे स्टेशन एवं जौनपुर फिलिंग पेट्रोल पम्प के पास आशापुर स्थित इस रेस्टोरेंट को विशेष रूप से बनारसी जायका तथा शाही शुद्ध बनारसी स्वाद के लिए तैयार किया गया है। करीब एक महीने पहले इस रेस्टोरेंट का काम शुरू किया गया था। शनिवार को काम पूरा होने के बाद इसका औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस बाबत अनिल सिंह यादव ने बताया कि , इस बनारसी शाही रेस्टोरेंट में , बनारसी शाही वाला स्वाद आम लोग सस्ते दामों में ले सकेंगे। होम डिलेवरी की सर्विस ऑनलाइन ऑर्डर स्विगी , ज़ोमोटो की सेवा दो तीन में चालू हो जाएगी।

# बरेका जीएम इलेवन बनाम डीआरएम एनईआर इलेवन के बीच रोमांचक क्रिकेट मुकाबला

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बनारस /वाराणसी।** बरेका स्टेडियम में आज एक बेहद रोमांचक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें जीएम इलेवन और डीआरएम,एनईआर इलेवन के बीच शानदार खेल का प्रदर्शन देखने को मिला। यह मुकाबला खेल भावना और टीम वर्क का सजीव उदाहरण बना, जिसमें डीआरएम एनईआर इलेवन ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया। पहली पारी~ बरेका जीएम इलेवन का संघर्ष टॉस जीतकर जीएम इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम की शुरुआत संतुलित रही, लेकिन डीआरएम एनईआर के गेंदबाजों की सधी हुई गेंदबाजी के कारण टीम को 20 ओवरों में 125 रन पर संतोष करना पड़ा। अमित कुमार ने शानदार 27 रन की पारी खेली, जिसमें 2 चौके शामिल थे। एस. के. सिंह ने 25 रन बनाए और टीम को मजबूत शुरुआत दी। अंकित प्रताप ने संयम के साथ 13 रन का योगदान दिया। डीआरएम एनईआर के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की, जिसमें प्रमुख रूप से अभिषेक सिंह ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट चटकाए।मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने 2 ओवर में मात्र 5 रन देकर 1 विकेट लिया।

**दूसरी पारी- डीआरएम एनईआर की सधी हुई बल्लेबाजी**

लक्ष्य का पीछा करते हुए डीआरएम, एनईआर इलेवन ने सधी हुई शुरुआत की और 18.5 ओवरों में 127 रन बनाकर मैच जीत लिया।

अपर मंडल रेल प्रबंधक ऑपरेशन श्री आर. के. सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 52 रन* बनाए, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उन्होंने अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर किया और अंत तक नाबाद रहे। अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा श्री आर. एल. यादव ने 24 रन का अहम योगदान दिया और पारी को स्थिरता प्रदान की।

**जीएम इलेवन के गेंदबाजों में-**

मुकेश कारीढाल ने 4 ओवर में 13 रन देकर 1 महत्वपूर्ण विकेट लिया। अमित कुमार ने 3 ओवर में 17 रन देकर 1 विकेट चटकाया। मैच के उपरांत एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह और डीआरएम विनीत कुमार श्रीवास्तव ने विजेता और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**पुरस्कार विजेता-**

मैन ऑफ द मैच~ आर. के. सिंह (एडीआरएम, एनईआर)

बेस्ट बल्लेबाज~ आर. एल. यादव (एडीआरएम, एनईआर) बेस्ट गेंदबाज- मंडल यांत्रिक इंजीनियर, एनईआर, अभिषेक सिंह सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर- अमित कुमार, वरिष्ठ इंजीनियर बरेका महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, ऐसे खेल आयोजन न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि आपसी सहयोग, समन्वय और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों की सराहना की और उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा के माध्यम से अनुशासन और एकजुटता की भावना विकसित होती है।

# बाइक सवार को टक्कर मारते हुये ट्रैक्टर खाई में गिरी



शकुन टाइम्स संवाददाता

**केराकत/जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के डेहरी गांव निवासी विपिन अपनी बहन श्वेता को बाइक से कालेज छोड़ने जा रहा था। नई बाजार निवासी चंदन गुप्ता बाइक से अपनी दुकान पर जा रहे थे।

अकबरपुर गांव में तेज गति ट्रैक्टर ने दोनों बाइक सवारों को धक्का मारा जिसमें श्वेता एवं चंदन गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। विपिन बाल बाल बच गया। दोनों की बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। ट्रैक्टर धक्का देते हुए गड्ढे में जा गिरी। मौका देख चालक भाग निकला। ग्रामीणों ने बताया कि चालक नाबालिग था। घायलावस्था में दोनों को पहले एक प्राइवेट अस्पताल तो बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

# क्या चकिया थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचना है वैध

## संपूर्ण थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक है अवैध गांजा

राजकुमार यादव संवाददाता

**चकिया/चंदौली।** यूपी के चंदौली जिले के चकिया क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहा सरकारी लाइसेंसी भांग के दुकान पर अवैध मादक पदार्थ गांजा के बिक्री की तस्वीर सामने आई है। जिस तस्वीर ने दिखाया कि पुलिस चौकी शिकारगंज से महज मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक सरकारी भांग की दुकान नशे का केंद्र बन चुकी है। यहां चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम गांजा चरस बेचा जा रहा है। अवैध मादक पदार्थ की इस बिक्री ने न केवल स्थानीय सम्बन्धित विभाग के प्रशासन की नैतिकता की क्रिया कलापों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यूपी सरकार के और जिला पुलिस अधीक्षक के कानून व्यवस्था व मादक पदार्थ की बिक्री के सख्त आदेशों का मखौल उड़ा रहे उनके स्थानीय मातहत है, बल्कि वही देखा जा रहा है कि इस तस्वीर ने समाज में कानून और प्रशासन के कार्यवाहियों की और सरकारी सेटिंग गेटिंग की व्यवस्थाओं का पोल खोल दिया है।

**सवालों के घेरे में चकिया थाना है कैसे चल रहा है यहां अवैध मादक पदार्थों के बिक्री का खेल**

कहते है दुनिया में सात अजूबा है पर आठवां अजूबा यह देखिए दुकान का संचालन सरकारी लाइसेंस के तहत होता है, लेकिन गांजे की बिक्री साफ तौर पर बेबाक तरीके से हो रहा है किसी बात का कोई खौफ नहीं है। सवाल उठता है कि क्या यह सब बिना प्रशासनिक संरक्षण के संभव हो सकता है? पुलिस चौकी की नजदीक से मात्र 200 मीटर दूर यह सब हो रहा है, तो क्या पुलिस की आंखें बंद हैं, या ठंड के कारण आवाज नहीं पहुंच पा रही है या जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है

**बड़ी साजिश का संकेत मददगार कौन**

सूत्रों के अनुसार, चंदौली जिले में मादक पदार्थों की आपूर्ति के लिए एक संगठित सिंडीकेट सक्रिय है। यह नेटवर्क गांजे समेत अन्य नशीले पदार्थों को जिलेभर में खपाने का काम करता है। सरकारी भांग की दुकान इस सिंडीकेट का अहम हिस्सा बन चुकी है, जहां गांजा खुलेआम बेचा जा रहा है स्थानीय लोगों का मानना है कि इस अवैध कारोबार के पीछे एक बड़ा सिंडीकेट सक्रिय है, जो प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत के बिना नहीं चल सकता।

**तस्वीर की हकीकत पर क्या होगी कार्यवाही**

चंदौली जिले में नशे के कारोबार की गंभीरता को उजागर करने वाली तस्वीरें सामने है। थाने से कुछ ही दूरी पर गांजे की बिक्री प्रशासन और कानून-व्यवस्था की लंगड़ी कहानी पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। अब देखने वाली बात यह है कि यह मामला की तहकीकात कहा तक सीमित रहता है, क्या या प्रशासन इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाता है। बताते चले कि शगुन टाइम्स की मुहिम नशे के सौदागर समाज के युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले अपराधी तबकों को निष्पक्ष ईमानदार प्रशासनिक अधिकारियों किसी सहायता से नशे के सौदागर ग्रुप पर लगाम लगाने की मुहिम के तहत खबर प्रकाशित की जा रही है जो प्रमाणों के आधार पर मौजूद दृश्य और मजबूत एविडेंस पर है। अब देखना है कि क्या शिकारगंज थाना या जिला प्रशाशन इस आधार पर कार्रवाई करेगा, या यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह दबा दिया जाएगा? या यूपी में सरकारी लाइसेंसी अपराध का नया अजूबा के रूप में कायम रहेगा।

# मानव सेवा करना ईश्वर सेवा के सामान है- रुबी सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियां ( चंदौली )।** क्षेत्र के रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में क्रि कुंड पिठाधीश्वर बाब सिद्धार्थ गौतम राम जी के दिशा निर्देश में रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह एवं अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध सेवा संस्थान महिला मंडल के क्रि कुंड वाराणसी महिला संगठन अध्यक्ष रुबी सिंह ने 250 गरीब असहाय महिलाओं व पुरुषों को कंबल वितरण किया। इस दौरान रुबी से सिंह ने कहा कि इस कड़ाके ठंड में गरीबों असहाय जरूरत मंदों को मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। मानव सेवा ईश्वर सेवा के सामान है। सर्दी के मौसम में कंबल मिलने से गरीबों कि सर्दी आसानी से कट जायेगी। किसका कोई सहारा नहीं होता है उसका ईश्वर सहारा होता है।असहाय गरीबो की मदद करना मेरी नियति में है। इसी तरह अगर अन्य लोग भी मानवता सेवा के लिए आगे आए तो गरीबों का दुख कम होगा। इस दौरान बाबा कीनाराम जन्मोत्सव कार्यक्रम संयोजक अजीत सिंह, महिला मंडल संयोजक डा0 संगीता सिंह, श्रीमती सत्या सिंह, लोकनाथ महाविद्यालय संस्थापक प्रबंधक धनंजय सिंह, मेजर अशोक सिंह,दिनेश सोनकर, अशोक कुशवाहा, बाबुराम सिंह, निलेश यादव, दीपक जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### मां भगवन्ती देवी स्मरणीय प्रदेशीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 24 से

**चहनियां/चंदौली।** चहनियां स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज में मां भगवन्ती देवी स्मरणीय प्रदेशीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 24 दिसम्बर से शुरू हो रहा है । जो 25 दिसम्बर को समापन होगा । बालिका वर्ग सीनियर व जूनियर वर्ग का मैच दोपहर 12 बजे से व बालक वर्ग सीनियर व जूनियर वर्ग शाम 5 बजे से होगा । उद्घाटन राज्य सभा सांसद साधना सिंह करेंगी । यह जानकारी कोच मैनेजर डॉ0 अजय कुमार सिंह ने दी है ।

### हिंगुतर गढ़ हनुमान मंदिर पर 17 से शुरू होगी रामकथा

**धानापुर।** विकास खंड क्षेत्र के हिंगुतरगढ़ गांव के कैलाशपुरी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के प्रांगण में 17 से 23 दिसम्बर तक भव्य एवं दिव्य राम कथा का आयोजन किया गया है। काशी के ख्यातिलब्ध कथावाचक पूज्य शशिकांत जी महाराज के श्रीमुख से रामकथा सुनने वालों के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूर्ण करने में गांव के लोग जी जान से जुटे हुए हैं। यह जानकारी श्री हनुमान जी मंदिर के महंत भरत दास ने दी है।

### आभूषण कारोबारी के घर को चोरों ने खंगाला

**बलिया।** एक आभूषण कारोबारी के मकान को शनिवार की रात चोरों ने खंगाल दिया। पीड़ित के अनुसार लाखों रुपये मुल्य के गहने व अन्य कीमती सामान चोर समेट ले गये हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। रानीगंज बाजार से सटे देवकी छपरा निवासी प्रेम सोनी के किसी रिस्तेदार के यहां शादी समारोह था। घर में ताला बंद कर पूरा परिवार शनिवार को जिला मुख्यालय पर चला गया। इसी बीच रात में पड़ोस के मकान के रास्ते प्रेम के घर में दाखिल हुए चोर कमरों का ताला तोड़कर अंदर पहुंच गये। इसके बाद आलमारी आदि को तोड़कर उसमें मौजूद लाखों रुपये मुल्य के आभूषण आदि समेटकर फरार हो गये। रविवार की सुबह वापस लौटने पर परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो घटना से पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने छानबीन कर सुराग लगाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। इस घटना के बाद दहशत मची हुई है।

### पिकअप चालक ने स्कूल जा रहे छात्र को रौंदा, मौत

**भदोही।** जिले के दुर्गागंज थाना क्षेत्र के सदलूबीर के पास शनिवार की सुबह पैदल स्कूल जा रहे छात्र को पिकअप चालक ने रौंद दिया। आनन-फानन में घायल को इलाज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए, जिससे कुछ देर जाम की नौबत रही। दुर्गागंज बाजार निवासी राज कुमार मिश्रा के 13 वर्षीय बेटे आयुष मिश्रा शनिवार को साइकिल से स्कूल पढ़ने को जा रहे थे। भदोही-दुर्गागंज मार्ग स्थित सलदूबीर के पास तेज रफ्तार पिकअप चालक ने छात्र को रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तक आसपास के लोग पहुंचते आरोपित वाहन समेत फरार हो गया था। प्रभारी निरीक्षक दुर्गागंज ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पहुंच कर एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल घायल को पहुंचाने का काम किया गया, जहां पर चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए।

### महाकाल जागरण में झूमे श्रद्धालु

**सैदपुर।** नगर के सादात रोड स्थित सरसिज संस्थान के तत्वावधान में शनिवार की देर रात को महाकाल जागरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन देर रात दो बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह व जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र यादव सत्या ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद महिला गायिका पूनम मिश्र समेत विक्की तिवारी उर्फ छोटा पागल व नीरज तिवारी ने पूरी रात महाकाल के कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का समा बाधा। इस दौरान बम बम बोल रहा है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुददो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

# कैंप लगाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड



शकुन टाइम्स संवाददाता

**धानापुर/चंदौली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत भारत सरकार के आदेश अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक के सभी लाभार्थियों को वय वंदन योजना से आच्छादित कर दिया गया है । उक्त योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक के सभी लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा । जिसके अंतर्गत 5 लाख तक के निशुल्क इलाज की सुविधा आबद्ध राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में उपलब्ध है । जिसके क्रम में धानापुर में रामजी प्रधान के कार्यालय पर जनता सेवा सदन हॉस्पिटल द्वारा कैंप लगाकर लगभग 20 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया । इस बाबत जनता सेवा सदन हॉस्पिटल मथेला चहनिया के प्रबंधक डॉ अमरेश्वरदास कुशवाहा ने बताया कि कैंप लगाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया गया ।

# धानापुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए 6 लोगों ने भरा पर्चा

## एक से अधिक नामांकन होने के बाद निर्विरोध चुनाव की नहीं बन पाई सहमति

**चुनाव अधिकारी ने सभी नामांकन को विचारार्थ जिला कमेटी को किया प्रेषित**



शकुन टाइम्स संवाददाता

**धानापुर।** भारतीय जनता पार्टी धानापुर पश्चिम मंडल के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को ब्लाक सभागार में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण किया गया। जिसमें कुल 6 कार्यकर्ताओं ने अपना अपना नामांकन किया।

सभी का नामांकन चुनाव अधिकारी महामंत्री उमाशंकर सिंह की उपस्थिति में हुआ। नामांकन करने वालों में अरुण कुमार जायसवाल, रमेश द्विवेदी, गोपाल बिंद, अवनीश कुमार पांडे, विनय राज पांडेय एवं रमेश विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं। एक से अधिक नामांकन होने के कारण निर्वाचन निर्विरोध नहीं हो पाया। सभी के नामांकन जिला इकाई के समक्ष विचारार्थ प्रेषित कर दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह, जिला महामंत्री सुजीत जायसवाल, पूर्व प्रमुख देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता कमलाकांत मिश्रा, हृदय नायरण तिवारी, अन्नू सिंह, विमल सिंह दादा, सत्यवान मौर्या, प्रदीप सिंह, गब्बर सिंह, अशोक सिंह, मनीष सिंह अमादपुर, विशाल सिंह, विनोद कुमार बिंद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाबा भगवान दास एवं धनेसरा देवी के स्मृति में जरूरत मंदो को बाटा गया कम्बल

## फ्रेंडशिप फ्लॉवर पब्लिक स्कूल के सौजन्य से किया गया वितरण

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियाँ/चंदौली।** बाबा भगवान दास तथा धनेसरा देवी एवं सिद्धनाथ शर्मा और राजपति देवी की स्मृति में मुख्य अतिथि माननीय विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव के प्रतिनिधि प्रभात सिंह यादव के द्वारा रविवार को कंबल वितरण फ्रेंडशिप फ्लावर पब्लिक स्कूल में किया गया! मुख्य अतिथि ने कहां की गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा है! विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर का वास होता है और अपने जीवन में इस तरह के पुण्य कर करने से आपको भी उसका फल मिलता है ! विशिष्ट अतिथि फैयाज अहमद ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा इस तरह हमें अपने जीवन में कुछ उपकार जरूर करने चाहिए! जिससे गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके ! लगभग 100 व्यक्तियों को कंबल वितरण से लाभान्वित किया गया! पिछले कई वर्षों से यह कार्यक्रम अनवरत चल रहा है और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम चलते रहेंगे! इस अवसर पर बीरेंद्र यादव, फैयाज़ अहमद,विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी कुमार विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य राकेश विश्वकर्मा, श्याम कुमार शर्मा, नंदकुमार शर्मा, सुभाष सिंह यादव, विनोद मौर्य ,काशीनाथ मौर्य ,बाली श्रीवास्तव ,संजीव शर्मा, कुसुम देवी, मीरा देवी सहित गांव की पुरुष महिलाएं बुजुर्ग उपस्थित रहे!

# ओबीसी मंडल कार्यालय पर पदाधिकारियों का चयन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चन्दौली/डीडीयू नगर।** आल इंडिया ओबीसी रेलवे इंप्लाई एसोसिशन की रविवार को नगर स्थित ओबीसी मंडल कार्यालय पर हुई बैठक में तीन शाखाओं के पदाधिकारियों का चयन गया। चयनित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। चयनित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए काम करने का संकल्प दोहराया। मंडर रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में स्थित ओबीसी मंडल कार्यालय में मंडल सचिव मनोज कुमार के नेतृत्व में शाखा एक, दो और तीन के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसके तहत शाखा एक के लिए उपेन्द्र कुमार सिंह अध्यक्ष और मनोज कुमार सिंह शाखा सचिव, शाखा नंबर 02 के लिए एमडी वर्मा शाखा अध्यक्ष, राजेश कुमार कार्यकारी अध्यक्ष, सुमन कुमार शाखा संगठन सचिव जबकि मनोज कुमार शाखा सचिव चुने गए। शाखा नंबर तीन के लिए एके पाल शाखा अध्यक्ष, अजीत कुमार सचिव, शमसुल होदा उपाध्यक्ष जबकि रीता कुमारी अतिरिक्त शाखा शाखा सचिव बने। इस मौके पर आरके यादव, जमालुद्दीन, अनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

# हाय रे! जमाना, नाबालिग छात्रा को लेकर शिक्षक हुआ फरार, मुकदमा दर्ज




शकुन टाइम्स संवाददाता

**सुहवल/ गाजीपुर।** शिक्षक-छात्र के रिश्ते को दागदार करने का फिर से एक मामला सामने आया है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी अपनी 11वीं की नाबालिग छात्रा को उसके ही कोचिंग के संचालक व शिक्षक ने भगा लिया। जिसके बाद से परिजन दोनों को ढूंढ रहे हैं और अंत में थाने में शिकायत की। एक गांव निवासिनी 17 साल की छात्रा 11वीं की छात्रा है और वो गांव में ही कोचिंग में पढ़ती थी।

इस बीच किशोरी व उसके शिक्षक के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया और दोनों ने भागने का निर्णय ले लिया। जिसके बाद रोज तरह सुबह में छात्रा कोचिंग जाने के लिए कहकर घर से निकली लेकिन कोचिंग जाने की बजाय वो शिक्षक के साथ फरार हो गई। जब समय खत्म होने के बाद भी वो घर नहीं पहुंची तो परिजन उसे ढूंढने लगे और कोचिंग पर पहुंचे लेकिन वहां ताला लटका था तो वो शिक्षक के घर गए। वहां भी उसका कोई पता न चलने पर उनका माथा ठनका। जब वो कहीं नहीं मिला तो उनको यकीन हो गया शिक्षक ही उसे लेकर फरार हो गया है। जिसके बाद अपनी तरफ से काफी तलाश और न मिलने पर थाने में शिकायत की। जिसके बाद पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही है।

# शिक्षा की अलख जगाता राजकीय हाई स्कूल

शकुन टाइम्स संवाददाता




**चकिया/चंदौली।** मूसाखांड़ ग्राम सभा में स्थित राजकीय हाई स्कूल छात्र छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा, उत्तम संस्कार और आचरण के लिए विशिष्ट पहचान बना रहा है। विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यभार संभालते ही डॉ मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालय के कायाकल्प का संकल्प लिया। छात्रों को संस्कार और आचरण में भारतीय मूल्यों का समावेश कर शिक्षण प्रक्रिया पर जोर दिया।

सरकार की मंशा के अनुरूप छात्रों को तमाम प्रकार की सुविधाएं भी मिल रही हैं। विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए रंगाई पुताई, विद्युत व्यवस्था, छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न संस्थाओं से सहयोग लेकर बैग, किताब, कलम आदि की व्यवस्था प्रधानाचार्य द्वारा अनवरत की जा रही है। सुमंगल फाउंडेशन द्वारा विद्यालय में उच्च स्तरीय टिंकरिंग लैब स्थापित किया गया है जिसमें छात्रों को इंस्ट्रक्टर विवेक कुमार द्वारा तमाम प्रकार का ज्ञान दिया जा रहा है। खेलकूद की समुचित व्यवस्था द्वारा छात्रों को विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा है।

विद्यालय में लगभग 500 पुस्तकों के साथ पुस्तकालय भी क्रियाशील है जिससे छात्र छात्राएं लाभान्वित होते हैं। विद्यालय में डिजिटल माध्यम से भी शिक्षण कार्य कराया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप छात्रों को करियर गाइडेंस की सुविधा के साथ ही विभिन्न प्रकार के करियर की जानकारी के लिए करियर हब स्थापित है।

छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाती है। विद्यालय के सहायक अध्यापक सन्तोष कुमार, धनशेखर यादव और अनिल कुमार द्वारा पूर्ण मनोयोग से छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य किया जाता है।

क्षेत्र के छात्र छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा हाई स्कूल को इण्टर कॉलेज में उच्चीकृत किए जाने की कार्यवाही गतिमान है। जल्द ही छात्र छात्राओं को इण्टर तक की शिक्षा के लिए लगभग 15 किलोमीटर की यात्रा नहीं करनी होगी।

# बीएसएनएल 4जी सेवाएं शुरू

## पूरे शहर को मिला तेज नेटवर्क

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** बीएसएनएल उपभोक्ताओं का इंतजार खत्म हुआ। अब राजधानी के हर क्षेत्र में बीएसएनएल की तेज सेवाएं यानी 4जी सेवाएं मिलना शुरू हो गई हैं।बीएसएनएल 4जी का इंतजार उपभोक्ता पिछले कई वर्षों से कर रहे थे। पिछले कुछ महीनों से बीएसएनएल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है।

इसका कारण उसके कम मूल्य के टैरिफ प्लान और 4जी की सुविधा है। राजधानी में बीएसएनएल के करीब 12.47 लाख उपभोक्ता हैं। इनमें से अधिकतर उपभोक्ताओं ने अपने सिम को 4जी में अपग्रेड करा लिया है। बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन कर रहा है। जहां पर 2जी, 3जी सिम को निशुल्क 4जी सिम में अपग्रेड किया जा रहा है। राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र में बीएसएनएल अपनी सेवाएं देने के लिए 550 बीटीएस लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे बीएसएनएल ने पूरा कर लिया है। एक बीटीएस की रेंज 2 से 3 किमी की होती है यानि एक बीटीएस से 2 से 3 किमी तक बीएसएनएल की 4जी सेवाएं मिलेंगी। उपभोक्ताओं को बीएसएनएल के प्रति जागरूक करने और उनके 2जी,3जी सिम को अपग्रेड करने के लिए प्रत्येक शनिवार को राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर का आयोजन कर रहा है। इन शिविरों में उपभोक्ता नये सिम, पुराने सिम को अपग्रेड आदि जैसी सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सस्ते प्रीपेड प्लान की वजह से भी इन शिविरों में ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। पीजीएम मोबाइल सेवा यूपी ईस्ट नितीश सिन्हा ने बताया कि बीएसएनएल के ज्यादा से ज्यादा ग्राहक जुड़ रहे हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि बीएसएनएल ने अपना खोया विश्वास वापस पाया है। अभी 1 लाख 11 हजार ऐसे उपभोक्ता हैं, जिनको 2जी,3जी से 4जी में अपग्रेड करना है जिससे राजधानी के सभी उपभोक्ता 4जी की सुविधा का लाभ ले सकें।

# सरदार पटेल ने रखी रियासतों का विलय कर मजबूत भारत की नींवः अजय राय



शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों का एकीकरण कर देश के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, अनिल देव त्यागी, लल्लन कुमार, रामबरन गौतम, केडी शुक्ला, जमाल खान दयानंद शुक्ला, आलेख पांडे, शिफा खान, बबीता एडवोकेट, अनिल शुक्ला, अमर सिंह राणा, कनिष्का राफेल, उमर खान बाबा, शिरि खान ने सरदार पटेल को श्रद्धाजंलि अर्पितकी।

# संक्षिप्त समाचार

## जुल्म तो जुल्म है चाहे वो किसी भी देश में होः आफाक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय समाज कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक ने एक बयान में कहा कि जुल्म तो जुल्म है चाहे वह बांग्लादेश में हिंदू भाई-बहनों पर हो या भारत में मुसलमानों पर। लेकिन भारत में कुछ लोग अपनी वोट बैंक की राजनीति को बनाए रखने के लिए इसका राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, जिसकी न केवल निंदा की जनि चाहिए, बल्कि सरकार को बांग्लादेश से जवाब मांगना चाहिए, क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विदेश मंत्री का सम्मान करने की जिम्मेदारी देश के सभी धर्मों के अनुयायियों काहै, क्योंकि यह देश हमें सभी धर्मों के अनुयायियों के बलिदान से मिला है। और संविधान की भी शपथ है कि हम सभी धर्मों के साथ समान रूप से पेश आएंगे। अंत में मोहम्मद आफाक ने बांग्लादेश पर हमला करतेहुवे कहा किउन्हें यह बात हर गिज नहीं भूल न चाहिए की उन को बांग्लादेश1971 में भारत ही की बदौलत मिला है।

## यूपी पीएमएस ऑफिसर्स दंत संकाय ने उठाई डेंटल डीजी बनाने की मांग

**लखनऊ।** यूपीपीएमएस ऑफिसर्स (रि) वेलफेयर एसोसिएशन की डेंटल विंग ने राजधानी में अपना दूसरा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस वार्षिक सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला दंत चिकित्सक मौजूद रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनंदा प्रसाद आईएएस, भूतपूर्व प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश के साथ डॉ एके शुक्ला, भूतपूर्व सीएमओ लखनऊ मौजूद रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आर के सैनी, महामंत्री पीएमएस ऑफिसर्स रिटायर्ड वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश तथा डेंटल विंग के संरक्षक तथा डॉ स्वयं प्रकाश संस्थापक तथा प्रदेश समन्वयक पीएमएस ऑफिसर्स रिटायर्ड वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के साथ एडवाइजरी कमेटी की सदस्य डॉ पुष्पा सिंह मौजूद रही। संरक्षक डॉ एके सैनी ने उत्तर प्रदेश में डेंटल डीजी बनाने की मांग उठाई। संस्थापक डॉ स्वयं प्रकाश ने कहा कि इस एक वर्ष में एसोसिएशन ने जो मांगे उठाई थी उनमें से काफी समस्याओं का समाधान हो गया है और कई मांगों को लेकर शासन स्तर पर वार्ता चल रही है।

## उर्दू एक भूली सी दास्तान का आयोजन, उर्दू भाषा के संरक्षण पर चर्चा

**लखनऊ।** लखनऊ सामाजिक जागरूकता समूह आदब अर्ज ने कैसरबाग स्थित मास कम्युनिकेशन अकादमी में श्उर्दू एक भूली सी दास्तान नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लखनऊ की विलुप्त होती उर्दू भाषा को संरक्षित करने और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में वक्फबोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सैयद शोएब, अब्दुल कुद्दुस हाशमी और डॉ. सबरा हबीब मुख्य अतिथि थे। सैयद शोएब ने कहा कि उर्दू को कभी सरकारी विभागों की आधिकारिक भाषा माना जाता था, लेकिन अब यह स्कूलों में तीसरी या वैकल्पिक भाषा के रूप में भी नहीं पढ़ाई जाती। अब्दुल कुद्दुस ने उर्दू भाषा को बच्चों के बीच पढ़ाने और लिखाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आज बच्चे उर्दू बोलते तो हैं, लेकिन पढ़ते या लिखते नहीं, जिससे यह भाषा समाप्ति की ओर बढ़ रही है। डॉ. सबरा हबीब ने कहा कि उर्दू तहजीब विश्वभर में प्रसिद्ध है।

# प्रयागराज की शिफा फातिमा ने अपने वर्ग में फिर स्वर्ण पदक जीता

शकुन टाइम्स संवाददाता



**प्रयागराज।** विक्रम सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में प्रयागराज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी शिफा फातिमा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। शिफा ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया। शिफा ने अंडर 10 वर्षीय प्रतियोगिता में 32 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर एक बार जिले का नाम रोशन किया है। ये दो दिवसीय कराटे चैंपियनशिप चंदौसी के लक्ष्मी स्कूल के हाल में आयोजित की गई थी। जिसमें करीब 17 ज़िलों के प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया था। स्पर्धा में 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। शिफा ने फाइनल में जौनपुर की प्रतियोगी को हरा कर गोल्ड मेडल जीता है। सनद रहे कि इसके पहले भी शिफा ने अपने वर्ग में प्रदेश भर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर मेडल जीते हैं। शिफा आक्रमक और डिफेंस का संतुलित मिश्रण कर के विरोधी पर हावी हो जाती हैं। उनकी प्रतिभा और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए कहा जा सकता है कि वह भविष्य में बहुत आगे जाएंगी। कराटे चुस्ती फुर्ती का खेल है,इस लिए वह पढ़ाई से समय निकाल कर नियमित अभ्यास करती हैं।

## 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी, परिजनों में मचा कोहराम

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 5 में रविवार सुबह कक्षा 11 में पढ़ने वाले छात्र ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।राकेश चंद्र यादव परिवार के साथ वृंदावन योजना सेक्टर 5सी/105 तेलीबाग में रहते हैं। रविवार सुबह उनके बेटे ओजस्वी यादव (18) ने अपने कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, परिजन मौके पर ही मौजूद हैं।

# जाम में जुझते हुए मूलगंज थाने पहुंचे कमिश्नर

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कानपुर।** शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था से शहरी ही नहीं बल्कि खुद पुलिस अफसर भी जुझते है शनिवार को थाना समाधान दिवस पर मूलगंज थाने पहुंचे कमिश्नर पुलिसिया इंतजाम होने के बाद जाम से जुझते हुए मूलगंज थाने तक पहुंचे यहां फरियादियों की शिकायतों को सुनने के बाद थाने के का निरीक्षण किया कम जगह और भीड़ भाड़ वाले स्थान में थाना होने के बाद भी व्यवस्था देखकर कमिश्नर ने थाने की शिफिटंग को लेकर भी चर्चा की दरअसल शनिवार को थाना समाधान दिवस था पुलिस आयुक्त अखिल कुमार मूलगंज थाने जाने के लिये निकले लेकिन अपने कार्यालय से महज चार किलोमीटर की दूरी तय करने में उन्हें आधे घंटे लग गये। क्योंकि मूलगंज थाने तक का सफर ई रिक्शा, ठेले, सड़क पर खड़े वाहनों से जुझ रहा था। कमिश्नर के आने की सूचना पहले से ही थी सो ट्रैफिक समेत थाना पुलिस मुस्तैद थी लेकिन ई रिक्शों के चक्रव्यूह में कमिश्नर की फ्लीट भी पांच मिनट उलझी रही थाने पहुंच कर पुलिस आयुक्त ने अभिलेखों समेत मालखाना, महिला डेस्क, सीसीटीएनएस और परिसर की साफ सफाई का मुआयना किया। दरअसल मूलगंज का पूरा थाना महज सौ गज की भूमि में सिमटा हुआ बावजूद इसके थाना पुलिस ने व्यवस्था बेहतर रखी है जाम की समस्या को देखकर कमिश्नर ने थानेदार और एसीपी से ट्रैफिक को लेकर व्यवस्था ठीक करने को कहा है।

# भाजपा शासन के खिलाफ16 को विधानसभा घेरेगी कांग्रेस

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** भाजपा के कुशासन के खिलाफ 18 दिसंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा विधानसभा घेराव किया जायेगा। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते प्रदेश की जनता के साथ राजनीतिक दलों में आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होकर भाजपा सरकार को ललकारने की मंशा बना चुके हैं।

भीम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शास्त्री ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह को अजय राय को सम्बोधित पत्र सौंपकर 18 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव को अपना समर्थन दिया और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाकर प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया।कांग्रेस द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव में विनोद कुमार शास्त्री के साथ उनकी पार्टी के मंडल प्रभारी संजीत कुमार नेता कांग्रेस पार्टी गोरखपुर एवं उनकी टीम के सदस्य गंधर्व कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, रणधीर सिंह अध्यक्ष पूर्वांचल छठ पूजा सेवा समिति, लखनऊ, अजय कुमार गौतम, जिलाध्यक्ष-जौनपुर, धर्मेन्द्र कुमार चौधरी मण्डल अध्यक्ष जिला सीतापुर, कमलेश भारती जिलाध्यक्ष संतकवीर नगर, रामू गौतम जिलाध्यक्ष बस्ती, दया शंकर जिलाध्यक्ष-अयोध्या, शिखर खेतान जिलाध्यक्ष-अम्बेडकर नगर, अनुज कुमार जिलाध्यक्ष आजमगढ़, रोहित कुमार जिलाध्यक्ष मऊ, अजय कुमार जिलाध्यक्ष बलिया, करन कुमार गौतम जिलाध्यक्ष कुशीनगर, अंशु मिश्रा अध्यक्ष देवरिया, अनुप्रास गौतम महराजगंज, नरेन्द्र कुमार जिलाध्यक्ष-वाराणसी, अनिल गौतम जिला-प्रयागराज, जनारदन मिश्र जिलाध्यक्ष-कन्नौज, अशोक कुमार जिलाध्यक्ष-संभल, केदार यादव प्रधान जिलाध्यक्ष हाथरस मौजूद रहेंगे।

## पेंशन बढ़ाने का वायदा निभाए श्रममंत्री

**लखनऊ।** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की सभा टिकैट राय तालाब ऐशबाग में अपट्रॉन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं ईपीएस 95 समिति के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे की अध्यक्षता में हुई जिसमें 10 व 11 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आंदोलन स्थगित करने के बारे में तथा पेंशन वृद्धि के बारे में अब तक की पूरी जानकारी प्रदेश के महामंत्री आरएन द्विवेदी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक रावत, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी पूरी लगन एवं तन्मयता से पेंशन वृद्धि के लिए लड़ रहे हैं। संगठन की मांग 7500 प्लस महंगाई भत्ता, पति-पत्नी का फ्री मेडिकल सुविधा, हायर पेंशन बिना भेदभाव के लागू कराना है। श्रम मंत्री के पेंशन बढ़ाने के आश्वासन के बाद दिल्ली का आन्दोलन स्थगित किया गया था इसलिए उन्हें अपना वायदा तुरंत निभाना चाहिए। सभा में विक्रम कार्टन मिल, एवरेडी, एल एम एल, मोहन मेकिंग, वित्त निगम एवं अपट्रॉन इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# महराजगंज, बहराइच ने विकास कार्यों और राजस्व मामलों के निस्तारण में मारी बाजी, सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट जारी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** सीएम डैशबोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट में महराजगंज ने विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निपटारे में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बहराइच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रदेश में विकास कार्यों के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ ससमय पूरे हो रहे हैं। इसके अलावा राजस्व के मामलों को भी तेजी से निस्तारित किया जा रहा है। महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्यों को तेज रफ्तार से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके साथ सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर राजस्व के मामलों का खास कर 5 साल पुराने मामलों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि महराजगंज ने योगी सरकार के विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में नवंबर माह में पूरे प्रदेश में 89.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने बताया कि पिछले पांच माह से महराजगंज सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपना स्थान बनाए हुए है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच ने 89.10 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि बहराइच लगातार प्रशासनिक सुधारों और योगी सरकार की योजनाओं को ज़मीन पर उतारने के लिए तेजी से काम कर रहा है। राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण, किसानों और छोटे व्यापारियों को सहूलियत देने के प्रयासों ने बहराइच को यह स्थान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसी तरह हमीरपुर ने 88.80 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा, अम्बेडकर नगर ने 88.30 प्रतिशत अंक और बुलंदशहर ने 88.30 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। वहीं कुशीनगर ने 88.20 प्रतिशत अंक हासिल कर छठा, संभल ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर सातवां, शामली ने 87.80 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां, बस्ती ने 87.70 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवा और बांदा ने 87.10 प्रतिशत अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के विकास कार्यों, सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने एवं राजस्व के मामलों के निस्तारण की मॉनीटरिंग करने के लिए सीएम डैशबोर्ड की स्थापना की थी। इसी के तहत सीएम डैशबोर्ड की ओर से हर माह प्रदेश के सभी 75 जिलों की रिपोर्ट जारी की जाती है। इस रिपोर्ट को आंकलन योगी सरकार द्वारा तय किये गये 10 पूर्णांक और प्रतिशत के अनुसार जारी किया जाता है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में राजस्व विभाग की कई योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू की जा रही हैं।

## हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना, विधिवत पूजन और सुंदर कांड पाठ का आयोजन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ अलीगंज सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में पंडितों और पुरोहितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के साथ मंगल मूर्ति हनुमान जी की स्थापना की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावकों, छात्र-छात्राओं और आचार्यों ने धर्मपूर्वक सुंदर कांड का पाठ किया। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण बना रहा और हनुमान जी के जयकारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा। श्री हनुमान जी की प्रतिमा को आस-पास के प्रमुख मंदिरों के दर्शन कराकर विद्यालय परिसर लाया गया। मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मूर्ति स्थापना संपन्न हुई। इस कार्यक्रम ने विद्यालय परिवार और समाज के बीच भक्ति और सौहार्द का भाव उत्पन्न किया।

## विजय दिवस की दौड़ में दिखा जोश, जुटे बच्चे और बुजुर्ग, 700 लोगों ने लगाई दौड़

**लखनऊ।** 1971 के भारत-पाक जंग की विजय दिवस वर्षगांठ पर लखनऊ में भव्य विजय दिवस दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान 700 से ज्यादा लोग दौड़ में शामिल हुए। ऐतिहासिक युद्ध के नायकों के सम्मान में आर्मी के मध्य यूपी सब एरिया के तत्वावधान में इसका आयोजन हुआ।सूर्या कमान के चीफ ऑफस्टाफलेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों सहित बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। बच्चों और एनसीसी कैडेटों ने 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। पीआरओ शांतनु सिंह ने बताया कि 1971 की जंग में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त करने के बाद बांग्लादेश बना था। इस जंग में भारतीय सेना के अदम्य साहस और शूर वीरता के सामने दुश्मन देश के 90 हजार सशस्त्र सैनिकों ने सरेंडर किया।

# धर्म गुरुओं ने बांटे गर्म कपड़े, मौलाना बोले- लोगों की मदद सामाजिक जिम्मेदारी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के क्राइस्ट चर्च कॉलेज में मिल्ली फाउंडेशन ने गर्म कपड़े बांटे। कार्यक्रम में धर्म गुरुओं ने हिस्सा लेकर लोगों को मानव सेवा का संदेश दिया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद , क्राइस्ट चार्ज के प्रिंसिपल आर.के छतरी, मुफ्ती इरफान मियां, शिया धर्म गुरु मौलाना सैफ अब्बास समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि यह इंसान की जिम्मेदारी है कि समाज में सबको साथ लेकर चले। ठंड के मौसम में खबर आती है कि ठंड लगने से मौत हो गई। इससे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए संस्था के द्वारा कपड़े जमा करके जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि वस्त्र दान करना, भूखे को भोजन कराना, बीमार का इलाज कराना यह सामाजिक कार्य है। इसके लिए लोगों को आगे आना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न लोगों की जिम्मेदारी है कि वह जरूरतमंदों की मदद करे। पैगम्बर मोहम्मद साहब ने हमेशा दूसरों की मदद और भलाई करने का संदेश दिया है। मिल्ली फाउंडेशन के अध्यक्ष सलाहुद्दीन ने कहा कि 15 सालों से संगठन वस्त्र वितरण कर रहा है। इसके अलावा भोजन वितरण, ब्लड डोनेशन, मेडिकल कैम्प से जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा रही है। अधिक जनसंख्या के कारण संभव नहीं है कि सरकार अकेले हर व्यक्ति की मदद कर पाए। इसलिए सामाजिक भलाई के उद्देश्य से लोगों को आगे आना होगा। क्राइस्ट चर्च स्कूल में गर्म कपड़े और कंबल जमा करने के बाद शहर के विभिन्न इलाकों में रहने वाले जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है।

# निजीकरण से 77 हजार से ज्यादा बिजली कर्मचारियों की जायेगी नौकरी

## डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं की महंगी मिलेगी बिजली-भाकपा

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से लागू हुआ तो 77 हजार से ज्यादा कर्मचारी नौकरी से हाथ धो बैठेंगे और डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं की बिजली महंगी मिलेगी। यह बात मीडिया से मुखातिब बिजली कर्मचारी संघ के संरक्षक रणधीर सिंह सुमन ने आज बाराबंकी में कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजी करण से लाखों कर्मचारी बेरोजगार हो जाएगे। पूर्वांचल डिस्कॉम में कर्मचारियों के कुल 44,330 पद हैं। इनमें 27000 संविदा कर्मी हैं और 17330 नियमित कर्मचारी हैं। निजीकरण हुआ तो 27000 संविदा कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे। बड़े पैमाने पर लोगों को रिवर्ट होंगे और छंटनी भी होगी।दक्षिणांचल डिस्कॉम में कर्मचारियों के 33,161 पद हैं,इनमें 23,000 संविदा कर्मी और 10,161 नियमित कर्मचारी हैं। दक्षिणांचल का निजीकरण होने के बाद यह पद खत्म हो जाएंगे।23000 संविदा कर्मी यहां बेरोजगार होंगे। दक्षिणांचल में 8582 कर्मचारी हैं।यह कर्मचारी दक्षिणांचल डिस्कॉम के कर्मचारी हैं, इसलिए पावर कॉरपोरेशन में किसी नियम के तहत इनका प्रत्यार्पण नहीं हो सकता है। इनकी सेवाएं निजी कंपनियों के रहमो करम पर रहेंगी। यह किस तरह की मजहबी सरकार है जो लोगों के रोजगार छीन कर बेरोजगार कर रही है लौगो को भूख से तडप तडप मरने लिए मजबूर कर रही है। दक्षिणांचल में कॉमन कैडर के अभियंताओं और अवर अभियंताओं की 1579 है, चूंकि यह कॉमन कैडर के हैं, इसलिए इन्हें रिवर्ट किया जाएगा। इनकी नौकरी खत्म हो जायेगी और बिजली महंगी हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में अभी 0 से 100 यूनिट तक 3.35 रुपए प्रति यूनिट की दर से वसूल किया जाता है, जबकि मुंबई में टाटा की दरें एक अप्रैल 2024 से 5.33 रुपए प्रति यूनिट हैं। उत्तर प्रदेश में 101 से 150 यूनिट तक 3.85 रुपए तो मुंबई में 8.51 प्रति यूनिट है। उत्तर प्रदेश में 151 से 300 यूनिट तक 5 रुपये प्रति यूनिट तो मुंबई में 8.51 रुपये पैसे प्रति यूनिट है।उत्तर प्रदेश में 301 से 500 यूनिट तक के लिए 5.50 रुपये प्रति यूनिट है, तो मुंबई में टाटा की दरें 14.77 रुपये प्रति यूनिट हैं।उत्तर प्रदेश में 501 यूनिट से ऊपर 7.50 रुपये हैं जबकि मुंबई में 15.71 रुपये प्रति यूनिट हैं। कर्मचारियों को वर्तमान में रियायती दर की बिजली की सुविधा मिल रही है,42 जनपदों में खत्म हो जाएगी। निजीकरण होने के बाद जिन कर्मचारियों की छंटनी हो जाएगी या जिन कर्मचारियों को निजी कंपनी रख भी लेगी, तो ऐसे कर्मचारियों को मेडिकल रीइंबर्समेंट की सुविधा नहीं । मृतक आश्रित को सेवा में लेना भी खत्म हो जाएगा। निजी क्षेत्र में पूरे देश में ऐसा प्रावधान कहीं नहीं है. सबसे अधिक जोखिम भरे बिजली विभाग में मृत्यु होने पर कर्मचारियों के परिवार को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाएगा। सीपीएफमें जमा धनराशि निजी क्षेत्र में जाने के बाद उन्हें मिलेगी या नहीं यह भी कोई नहीं जानता। बिजली कर्मचारी संघ अन्य संगठनों के साथ मिलकर एक बडा आंदोलन करने जा रही है जिससे निजीकरण का कार्य रुकेगा और सत्तारूढ़ दल के दलाल बेनकाब होगें। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार जिला सचिव बृजमोहन वर्मा कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह व बिजली कर्मचारी नेता मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# एक चुनाव को लेकर विरोधाभास क्यों

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है। उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। लेकिन अभी भी कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। अब एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफहैं। एक चुनाव को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष में काफी विरोधाभास है। लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फस्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे।

अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है।सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फसुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। वैसे दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां पर सारे चुनाव एक साथ ही कराए जाते हैं। साउथ अफ्रीका में संसद, प्रांतीय विधानसभा और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ होते है।बेल्जियम में पांच तरह के चुनाव होते हैं. ये हर पांच साल के अंतर पर होते हैं. और सारे चुनाव साथ कराए जाते हैं।यूके में हाउस ऑफकॉमन्स, स्थानीय चुनाव और मेयर चुनाव साथ में होते हैं। यहां पर मई के पहले हफ्ते में सारे चुनाव कराए जाते हैं। यूके के संविधान के तहत, समय से पहले चुनाव तभी हो सकते हैं जब सरकार के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कोई दूसरी पार्टी सरकार न बना सके।इंडोनेशिया में राष्ट्रपति और लेजिस्लेटिव इलेक्शन साथ में होते हैं। इनके अलावा जर्मनी, फिलिपींस, ब्राजील, बोलीविया, कोलंबिया, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, गुआना, होंडुरस जैसे देशों में भी एक साथ ही सारे चुनाव होते हैं।आज भले ही देश में लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक-साथ नहीं होते हों, लेकिन एक समय ऐसा होता था। आजादी के बाद देश में पहली बार 1951-52 में लोकसभा चुनाव हुए. उस समय लोकसभा के साथ-साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव भी कराए गए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही करवाए गए. लेकिन 1968 और 1969 में कई राज्यों में समय से पहले विधानसभाएं भंग हो गई. 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई. इस तरह से साथ चुनाव कराए जाने का ये सिलसिला टूट गया। बहरहाल एक देश एक चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के अलग-अलग विचार हैं। इसीलिए इस पर एक राय नहीं बन पा रही है। छोटे राजनीतिक दलों का मानना है कि ऐसे चुनाव से राष्ट्रीय दलों को तो फायदा होगा। राष्ट्रीय मुद्दों के सामने राज्य स्तर के मुद्दे दब जाएंगे।दसूरे तरफयह कहा जा रहा है कि एक चुनाव का सबसे बड़ा फायदा यह है कि चुनाव का खर्च घट जाएगा। अलग-अलग चुनाव कराने पर हर बार भारी-भरकम राशि खर्च होती है।

# विश्व हिन्दू परिषद्ः कल आज और कल

तनवीर जाफरी

> शिया -सुन्नी विवाद और करबला की घटना जैसे विषयों पर तो वे अक्सर मेरे साथ बातें किया करते और मेरा ज्ञान वर्धन किया करते थे। बात 1977-78 की है उस दौरान मैं इलाहबाद के मुहल्ला दरियाबाद के इमामबाड़ा सलवात अली खान नामक एक ट्रस्ट से परिवारिक रूप से जुड़ा हुआ था। यहाँ अनेक धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। इन्हीं में एक चालीसवें का जुलूस (मुहर्रम के चालीस दिन बाद ) भी इसी इमामबाड़े से निकला जाता है। इसी जगह से निकलने वाले चालीसवें के जुलूस का प्रारंभिक संबोधन करने के लिये जब मैंने जस्टिस काटजू से निवेदन किया तो वे खुशी खुशी तैयार हो गये। हालांकि उन्होंने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए शुरू हुये विहिप आंदोलन तथा दरियाबाद की घनी मुस्लिम आबादी को भी रेखांकित किया।

इलाहबाद कभी न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी व आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद् के भी वरिष्ठ व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का गढ़ हुआ करता था। नेहरू-गाँधी परिवार की तो यह कर्मस्थली थी ही इसके अतिरिक्त पुरषोत्तम दस टंडन,मदन मोहन मालवीय जैसी अनेक विभूतियाँ भी इसी शहर से सम्बद्ध रहीं। इसी तरह दक्षिणपंथी विचारधारा के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख रहे राजेंद्र सिंह उर्फरज्जु भैय्या का नाम भी इलाहाबाद से ही जुड़ा हुआ है। ऐसा ही एक नाम था जस्टिस शिव नाथ काटजू का जोकि 1980 के दशक में विहिप के अध्यक्ष भी चुने गये थे। जस्टिस काटजू ने अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद की जगह पर राम मंदिर के निर्माण के लिए शुरुआती अभियान चलाया था। और इसी दौरान उन्हें नजरबंद भी कर दिया गया था। चूँकि मेरी भी औपचारिक शिक्षा इलाहाबाद में ही हुई इसलिये उस दौर के अनेक विशिष्ट जनों के साथ संबंध रखने का भी सौभाग्य मिला। जस्टिस काटजू भी उन्हीं में एक थे जिनके पास अक्सर मेरा आना जाना रहता था। जस्टिस काटजू विहिप के अध्यक्ष तो जरूर थे परन्तु वे पूर्णतयः धर्मनिर्पेक्ष थे। इस्लामी इतिहास का भी उन्हें जबरदस्त ज्ञान था।

शिया -सुन्नी विवाद और करबला की घटना जैसे विषयों पर तो वे अक्सर मेरे साथ बातें किया करते और मेरा ज्ञान वर्धन किया करते थे। बात 1977-78 की है उस दौरान मैं इलाहबाद के मुहल्ला दरियाबाद के इमामबाड़ा सलवात अली खान नामक एक ट्रस्ट से परिवारिक रूप से जुड़ा हुआ था। यहाँ अनेक धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। इन्हीं में एक चालीसवें का जुलूस ( मुहर्रम के चालीस दिन बाद ) भी इसी इमामबाड़े से निकला जाता है। इसी जगह से निकलने वाले चालीसवें के जुलूस का प्रारंभिक संबोधन करने के लिये जब मैंने जस्टिस काटजू से निवेदन किया तो वे खुशी खुशी तैयार हो गये। हालांकि उन्होंने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए शुरू हुये विहिप आंदोलन तथा दरियाबाद की घनी मुस्लिम आबादी को भी रेखांकित किया। परन्तु मेरे संपूर्ण सुरक्षा व शांतिपूर्ण आयोजन के आश्वासन के बाद वे कार्यक्रम से पूर्व स्वयं अपनी एम्बेसडर कार चलाकर बिल्कुल अकेले ही दरियाबाद पधारे। यहाँ दरियाबाद चौराहे पर मौजूद मेरे साथियों ने उनका स्वागत किया व पूरे सम्मान के साथ उन्हें इमामबाड़ा सलवात अली खान लेकर गये। यहाँ मौजूद समूह के बीच जस्टिस काटजू ने कर्बला की घटना का जिक्र करते हुये न केवल अपनी तरफसे बल्कि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की हैसियत से विहिप की तरफसे भी हजरत इमाम हुसैन व करबला के शहीदों को बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की। शेरवानी,टोपी और चूड़ीदार पैजामा जैसा परिधान प्रायः धारण करने वाले काटजू साहब सभी धर्मों का पूरा ज्ञान रखते थे तथा उन्हें सम्मान भी देते थे। वे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष होने के बावजूद सभी धर्मों में परस्पर मेल जोल व सद्भाव के पक्षधर थे। उन्हें उर्दू आरबी फारसी का भी पूरा ज्ञान था। यह था उस दौर के विश्व हिंदू परिषद का वह चेहरा जिससे भारत का गैर हिन्दू समाज कभी भयभीत नहीं होता था। उसके बाद जबसे गुजरात को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रयोगशाला कहा जाने लगा तब से इसी विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर इस्लाम व सड़कों पर उतरते,उग्र होते व हत्यारों को सम्मानित करते नजर आये। आज का विश्व हिंदू परिषद तो पूरी तरह से अपने उन बुनियादी सिद्धांतों से दूर होता नजर आ रहा है जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित इस भारतीय दक्षिणपंथी हिंदू संगठन की स्थापना 1964 में की गयी थी। उस



अल्पसंख्यकों के प्रति अपनी आक्रामकता दिखानी शुरू कर दी। इसी विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल नामक एक और संगठन तैयार हो गया जो समय समय पर आक्रामक होते नजर आया। आज पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पर अनेक आपराधिक मुकददमे चल रहे हैं। इसी विश्व हिंदू परिषद ने योजनाबद्ध तरीके से गुजरात से शुरू कर कॉरोनकाल के दौरान देश के कई राज्यों में मुस्लिम दुकानदारों के प्रति नफरत फैलाकर उनसे सब्जी फल व अन्य सामान खरीदने के लिये हिन्दू समाज के लोगों को मना किया। सीधे शब्दों में मुस्लिमों का व्यवसायिक बहिष्कार करने की कोशिश की गयी। इसी विहिप ने बेटी बचाओ बहू लाओ नामक एक अभियान भी चलाया जिसके अंतर्गत किसी हिन्दू लड़की के मुस्लिम लड़के से प्रेम संबंध होने की स्थिति में उस रिश्ते में दखल देना तथा वह अंतर्धार्मिक सम्बन्ध परवान न चढ़ने देना है। जबकि साथ ही हिन्दू लड़कों को इस बात के लिये आमादा करना है कि वे मुस्लिम लड़कियों से दोस्ती कर उनको बहू बनाकर लाएं। गुजरात सहित और भी कई राज्यों से ऐसी खबरें भी आती रही हैं जबकि विहिप के लोगों ने किसी मुस्लिम को किराये पर मकान देने का विरोध किया तो कभी खरीदे हुये फ्लैट में भी कब्जा लेने व उनके रहने का विरोध किया। कई जगहों पर विश्व हिंदू परिषद के लोग मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग करने वालों का साथ देते यहाँ तक कि उनके समर्थन में समय इसका घोषित उद्देश्य ष्हिंदू समाज को संगठित व मजबूत करना और हिंदू धर्म की सेवा और सुरक्षा करना था न कि किसी अन्य धर्म के विरुद्ध आक्रामक होना या भारतीय लोगों में अफवाहबाजी के द्वारा नफरत हिंसा व विद्वेष भड़काना और किसी भारतीय नागरिक को दूसरे दर्जे का नागरिक समझना। न ही किसी की मस्जिद मजार गिराना व अन्य धर्मों की ध्वजा उतारकर अपनी धर्मध्वजा लहराना। न ही इस तरह के अभियान चलाना। परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिया गया एक श्असंवैधानिक भाषण श् जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने श्समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है, संविधान एक है तो कानून एक क्यों नहीं है ? उन्होंने इसी मंच पर यह भी कहा कि ष्हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा।

# प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को ऐसे समझिए

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का अद्भुत और बेमिसाल मिश्रण है। हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत के चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एवं प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदियों, गंगा, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है। कहना न होगा कि इनमें से प्रत्येक शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित हैं। आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार उत्सव का केंद्र बन जाएगा, जो लाखों तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक राज के साथ-साथ सनातनी राज जैसी जनभावनाओं का भी बीजारोपण करे, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बड़ा उपकार होगा। क्योंकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियां हीं हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीड़न की पर्याय बनती जा रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में हिन्दू जनमानस प्रताड़ित हो रहा है और हमारे नागा साधु भी इस स्थिति से उन्हें निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योंकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीड़न को अघोषित गारंटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतों को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा। विश्व जनमानस पर भी इसका दबाव पड़े, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अतिक्रमित हिन्दू मंदिरों के पुनरुद्धार का मसला भी यहां उठना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे हैं, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्ध मिश्रण शामिल है। क्योंकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्र होते हैं। इसलिए सनातनी हितों के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते हैं, इसलिए सनातनी संवेदनाओं को समझते उन्हें देर नहीं लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समझा पाएंगे।यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुंभ स्नान से उनके पाप धुल जाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुंभ मेला न केवल भारत की गहरी जड़ें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है। शाही स्नान- महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। माना जाता है कि शुद्धिकरण का यह कार्य व्यक्ति और उनके पूर्वजों दोनों को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त कर देता है, जिससे अंततः मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते हैं और साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते हैं, जिससे जीवन के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे तो पूरे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथियां विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते हैं, जो शाही स्नान या %राजयोगी स्नान% के नाम से जाने जाने वाले भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं। यह महाकुंभ मेले की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है और इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है। शाही स्नान की परंपरा इस विश्वास पर आधारित है कि जो लोग अनुष्ठान में भाग लेते हैं उन्हें पवित्र जल में डुबकी लगाने पर पुण्य कर्मों का आशीर्वाद मिलता है और उनसे पहले आए संतों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है।

# ईश्वर के आशीर्वाद से प्राप्त जीवन से विश्व को सकारात्मक संदेश प्रदान करें

संजीव ठाकुर

> और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैस मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैस एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैस जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है।

सिर्फमानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है। पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है, पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंस यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैस मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है। और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैस मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैस एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैस जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंस आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखवाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है। आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं। जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणआत्मक भी हो सकते हैं।

# बुमराह की शानदार गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 104 रन बनाये

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अपना दबदबा जारी रखा जिससे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार तक लंच तक ऑस्ट्रेलिया ने 104 रन पर तीन विकेट गंवा दिये। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के दोनों सलामी बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा (21) और नाथन मैकस्वीनी (नौ) को चलता किया तो वहीं नीतिश कुमार रेड्डी ने मार्नस लाबुशेन को पवेलियन की राह दिखायी।

भारतीय तेज गेंदबाजों के दबाव के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सत्र में 76 रन बनाने में सफल रहा। लंच के विश्राम के समय स्टीव स्मिथ 25 और ट्रेविस हेड 20 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। मैच के शुरुआती दिन का ज्यादातर खेल बारिश की भेंट चढ़ने के कारण दूसरे दिन का खेल आधे घंटे पहले शुरू हुआ। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 28 रन से आगे से की बुमराह ने भारतीय टीम को पहली सफलता दिलाने में ज्यादा देर नहीं लगायी। उन्होंने दिन के चौथे ओवर में ख्वाजा को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। बुमराह ने इस श्रृंखला में ख्वाजा को तीसरी बार आउट किया तो वही पंत ने टेस्ट में अपना 150 वां कैच पकड़ा। भारतीय गेंदबाजी के अगुआ बुमराह ने अपने अगले ओवर में मैकस्वीनी को पवेलियन की राह दिखायी। गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर दूसरे स्लिप में खड़े विराट कोहली के हाथों में चली गयी। शुरुआती सफलता के बाद भारत दबाव बनाए रखने में सफल रहा लेकिन स्मिथ और लाबुशेन ने क्रीज पर समय बिताने के लिए रक्षात्मक खेल का सहारा लिया। स्मिथ के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों ने स्टंप को निशाना बनाकर गेंदबाजी की। आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने स्मिथ और लाबुशेन के खिलाफ सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी की लेकिन उन्हें वांछित परिणाम नहीं मिल सके। बुमराह को गेंदबाजी से विश्राम देने के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद रेड्डी को थमाई और इस हरफनमौला खिलाड़ी ने लाबुशेन की 55 गेंद तक चली सतर्क पारी का अंक किया। लाबुशेन ने



आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और दूसरे स्लिप में कोहली ने अच्छा कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया की टीम 75 रन पर तीन विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। पिछले मैच के शतकवीर ट्रेविस हेड ने क्रीज पर आते ही कुछ अच्छे शॉट खेले और ऑस्ट्रेलिया ने रनों का शतक पूरा किया। इस सत्र में सिराज के मैदान से बाहर से भारतीय खेमी की चिंता बढ़ गयी थी लेकिन वह वापस लैटे। ऑस्ट्रेलिया की पारी के 37 वें ओवर में दूसरा गेंद डालने के बाद उन्होंने फिजियो को मैदान पर बुलाया और पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर चले गये।

## हॉकी रांची को मिला बेस्ट डिस्ट्रिक हॉकी संघ का अवार्ड, वर्षो बाद रांची लीग का किया था आयोजन

एजेंसी

**रांची।** झारखंड में रांची के मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी के सभागार में आज हॉकी झारखंड के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में हॉकी झारखड़ की 11 वी वार्षिक आम सभा की बैठक आयोजित हुई।

इसमे हॉकी झारखंड से मान्यता प्राप्त सभी 24 जिला के अध्यक्ष सचिव सहित हॉकी झारखंड के कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य उस्थित थे। श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यो का स्वागत करने के साथ सभी को धन्यवाद किया और कहा की आप सभी के सहयोग से आज हॉकी झारखंड आज नई पहचान बना चुकी है।अभी कई प्रतियोगिताओं में झारखंड टीम चैंपियन बनी है यह आप सभी के सामूहिक प्रयासों से हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिला हॉकी में हम बेहतर है परंतु पुरुष हॉकी में हमे और मेहनत करने की जरूरत है, जिसके लिए हमलोग अब विशेष योजना तैयार कर कार्य करेंगे।इसके लिए सब जूनियर , जूनियर और सीनियर तीनों वर्गो के लिए कोर ग्रुप बनाकर उनका विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षको को आमंत्रित कर उनका सहयोग लिया जाएगा। बैठक में सर्व समिति से अगले वर्ष के कार्य योजनाओं को स्वीकृत किया गया,जिसके तहत 2025 में सीनियर राज्य स्तरीय महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता रांची में, जूनियर सब जूनियर पुरुष टाटा में,जूनियर महिला खूंटी में और सब जूनियर महिला सिमडेगा में करने का निर्णय लिया गया।

हॉकी झारखड़ के महासचिव विजय शंकर ने सेकेट्री रिपोर्ट पेश करते हुए बतलाया की इस वर्ष झारखंड महिला टीम जूनियर और सब जूनियर दोनो में विजेता बनी एवम सीनियर में कांस्य पदक प्राप्त किया। एक साथ दो दो टीम स्वर्ण पदक लाना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

वार्षिक आम सभा में ही हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा मिले प्रशस्ती पत्र को एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने देकर सम्मानित किया। हॉकी झारखंड के बैठक में उपस्थित सभी सदस्यो ने ताली बजाकर मनोज कोनबेगी को बधाई दिया।

## संक्षिप्त सामाचार

### ब्ल्यूपीएल नीलामी में सिमरन शेख सबसे महंगी खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 की रविवार को हुई मिनी नीलामी में लेग स्पिनर को सिमरन शेख को मुंबई इंडियंस ने दिन की सबसे बड़ी बोली लगाकर 1.90 करोड़ रूपये में खरीदा। सिमरन का यह चयन उनकी टी-20 क्रिकेट में उनकी गेम-चेंजर की भूमिका को दर्शाता है। इसके अलावा मुंबई ने शानदार प्रदर्शन कर रही तमिलनाडु की 16 वर्षीय जी कमलिनी को 1.60 करोड़ रूपये में खरीदा । कमलिनी के लिए अनकैप्ड में सबसे बड़ी बोली लगी। वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को गुजरात जायंट्स ने 1.70 करोड़ रूपये में खरीदा। डॉटिन ने हाल ही में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था। विश्वकप में उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रन देकर चार विकेट लिये थे। इसके अलावा उन्होंने 167.3 की स्ट्राइक रेट से 82 रन भी बनाए थे। नीलामी में प्रमुख भारतीय खिलाड़ी स्नेह राणा और पूनम यादव शुरुआती दौर में नहीं मिला खरीदार। इस बीच, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने प्रेमा रावत को 1.2 करोड़ रूपये में और दिल्ली कैपिटल्स ने एन. चरानी को 55 लाख रूपये में खरीदा।

### ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया को संकट से उबारा

**ब्रिसबेन।** तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन सुबह के सत्र में लड़खड़ाई ऑस्ट्रेलियाई टीम को ट्रैविस हेड (नाबाद 103) स्टीव स्मिथ (नाबाद 65) ने संकट से उबारकर चायकाल तक तीन विकेट पर 234 के स्कोर बनाकर अपनी टीम की मैच पर पकड़ मजबूत कर ली हैं। ऑस्ट्रेलिया ने कल के 28 रन के स्कोर से आज आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन जुड़े थे कि जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा (21) को विकेट के पीछे रिषभ पंत के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में बुमराह ने नेथन मैकस्वीनी (नौ) का भी शिकार कर डाला। 33वें ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने मार्नस लाबुशेन (12) को आउट किया। भोजनकाल तक 104 पर तीन विकेट गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय में बल्लेबाजी करने आये स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। चायकल तक ट्रैविस हेड ने अपना शतक पूरा कर लिया है। यह उनका टेस्ट क्रिकेट का चौथा शतक है। उन्होंने 118 गेंदों में 13 चौके लगाते हुए (नाबाद 103) रन बना लिये है। वहीं उसके साथी स्टीव स्मिथ 149 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (नाबाद 65) रन बनाकर क्रीज पर है। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिये अब तक 168 रनों की साझेदारी हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने चायकाल तक तीन विकेट पर 234 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत की ओर जसप्रीत बुमरा ने दो और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक विकेट लिया।

### हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूत बना रहा एचसीएल फाउंडेशन

**नयी दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएलटेक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एजेंडे को आगे बढ़ा रहे एचसीएल फाउंडेशन देश के हस्तशिल्प द्वोत्र को मजबूत बना रहा है। इसको गति देने के लिए फाउंडेशन ने यहां माय ई-हाट कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया जहां बताया गया माय ई-हाट पहल अपनी वेबसाइट के माध्यम से, भारत भर के हजारों कारीगरों को वैश्विक उपभोक्ताओं से जोड़ती है और अपने अद्वितीय सीएसआर-प्रायोजित ऑनलाइन मार्केटप्लेस के माध्यम से सीधे बाजार तक पहुंच प्रदान करती है।

## टीम साउदी ने टेस्ट क्रिकेट में किया कमाल, सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में की क्रिस गेल की बराबरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के सीनियर प्लेयर टीम साउदी ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहते-कहते क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। दरअसल, साउदी एक तेज गेंदबाज हैं वहीं क्रिस गेल एक बल्लेबाज, इसकी की तर्ज पर साउदी ने क्रिस गेल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट में टिम साउदी ने बल्ले से कमाल दिखाया। पहली पारी में उन्होंने महज 10 गेंदों में 1 चौके और 3 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 23 रनों की तूफानी पारी खेली। इन 3 छक्कों की मदद से साउदी ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में क्रिस गेल की बराबरी की है।



वेस्टइंडीज के इस पूर्व धाकड़ सलामी बल्लेबाज ने अपने करियर में खेले 103 टेस्ट मैचों में 98 छक्के जड़े थे। वहीं साउदी ने इतने छक्के जड़ने के लिए 107 मैच लिए। साउदी की नजरें अब छक्कों का शतक पूरा करने पर होगी। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी के पास करियर की आखिरी इनिंग बाी है। ऐसे में वह दो छक्के लगाकर इस कीर्तिमान को अपने नाम करना चाहेंगे।

## सिक्किमी स्निपर के नाम से जाने जाते हैं पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया

**नई दिल्ली।** आज यानी की 15 दिसंबर को भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया अपना 48वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह अपने शूटिंग स्किल्स के लिए काफी ज्यादा फेमस थे। इसी वजह से बाइचुंग भूटिया को सिक्किमी स्निपर के नाम से भी जाना जाता है। भूटिया को भारतीय फुटबॉल के लिए भगवान का उपहार की उपाधि मिली है। वह अपने शानदार खेल के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

सिक्किम के तिनकीतम में 15 दिसंबर 1975 को बाइचुंग भूटिया का जन्म हुआ था।

# शमी को बंगाल की विजय हजारे ट्रॉफी टीम में किया गया शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। शमी ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल के लिए सभी नौ मैचों में खेलते हुए 7.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। टूर्नामेंट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गई, जिससे टेस्ट क्रिकेट के लिए उनकी तैयारी में बाधा आई। वह ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने करने का प्रयास कर रहे है। शमी के अलावा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी सुदीप कुमार घरामी की अगुवाई वाली बंगाल की टीम का हिस्सा हैं। मुकेश फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी रिजर्व के तौर पर हैं। बंगाल अपना अभियान 21 दिसंबर को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ शुरू करेगा। खिलाड़ी बुधवार को कोलकाता से हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए घोषित टीम इस प्रकार है- सुदीप कुमार घरामी (कप्तान), मोहम्मद शमी, अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), सुदीप चटर्जी, करण लाल, शाकिर हबीब गांधी (विकेट कीपर), सुमंत गुप्ता, शुभम चटर्जी, रंजोत सिंह खैरा, प्रदीप प्रमाणिक, कौशिक मैती, विकास सिंह, मुकेश कुमार, सक्षम चौधरी, रोहित कुमार, मोहम्मद कैफ, सूरज सिंधु जायसवाल, सायन घोष और कनिष्क सेठ।



# जलवाहक' योजनाः पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो सेवा शुरू

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सरबानंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए 'जलवाहक' योजना की शुरुआत की।

श्री सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरुआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और



गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए। श्री सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कुशल परिवहन के रूप में जलमार्गों का लाभ उठाकर, हम रेल और सड़क यातायात को कम करने के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन को बढ़ावा देना चाहते हैं। जलवाहक योजना एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर लंबी दूरी के कार्गो को प्रोत्साहित करती है और व्यापारिक हितों के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन की संभावनाओं का पता लगाने का एक शानदार आर्थिक मूल्य प्रस्ताव प्रदान करती है। आगे, कोलकाता से शुरू हुई नियमित निर्धारित माल सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि कार्गो एक निश्चित समय सीमा के भीतर परिवहन और वितरण किया जाए। इससे हमारे उपयोगकर्ताओं के बीच राष्ट्रीय जलमार्गों की नियमित कार्गो परिवहन के लिए तैयारी के बारे में विश्वास उत्पन्न होगा, जो एक कुशल, आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार परिवहन मोड है। हमारे जहाज संचालकों को इस प्रोत्साहन योजना के साथ सशक्त बनाकर और हमारे व्यवसायों को सुरक्षित और समय पर कार्गो वितरण के साथ प्रोत्साहित करके, यह प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के परिवहन के माध्यम से परिवर्तन के दृष्टिकोण को सार्थक रूप से जोड़ता है क्योंकि भारत विकसित भारत बनने की ओर बढ़ रहा है। पहला जहाज - एमवी त्रिशूल दो डंब बार्ज अजय और दीखू के साथ - 1500 टन सीमेंट कोलकाता के जीआर जेट्टी से गुवाहाटी के पांडु तक आईबीपीआर के माध्यम से ले जा रहा है। दूसरा जहाज - एमवी एएआई - 1000 टन जिप्सम को पटना ले जा रहा है जबकि तीसरा जहाज - एमवी होमी भाभा - 200 टन कोयला वाराणसी ले जा रहा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 654.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में गिरावट होने से 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 658.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.23 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 565.6 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.3 करोड़ डॉलर गिरकर 66.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में 1.2 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# सोनपुर मेले में लगाए गए विभागीय प्रदर्शनियों में सीबीसी को मिला तीसरा स्थान

एजेंसी

**सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध 32 दिवसीय मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा विकसित भारत ञ्च 2047 ¬ विकसित भारत के पथ पर अग्रसरविषय पर लगाए गए फोटो प्रदर्शनी का समापन आज किया गया।

फोटो प्रदर्शनी का समापनसीबीसी के कार्यालय प्रमुख संजय कुमार और डॉल्फिन विशेषज्ञ डॉ गोपाल शर्मा की उपस्थिति में किया गया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए सीबीसी के कार्यालय प्रमुख संजय कुमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम आवास योजना आदि के बारें में जानकारी चित्रों के माध्यम से समझाया गया था जिससे मेला में आए लाखों लोग लाभांवित हुए। साथ ही साथ प्रतिदिन योजनाओं पर आधारित क्विज का भी आयोजन




किया गया था और विजेता को पुरुस्कृत भी किया जाता था। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन लोक कलाकारों के द्वारा योजनाओं पर आधारित जागरुकता नुक्कड़- नाटक के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और दर्शकों के साथ परिचर्चा का भी आयोजन किया गया था। मौके पर उपस्थित डॉल्फिन विशेषज्ञ डॉ गोपाल शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प माननीय प्रधानमन्त्री जी सहित सम्पूर्ण देशवासीयों ने लिया है उस संकल्प को पुरा करने में इस तरह की फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान की भूमिका अहम रहेगी क्योकि यहां पर आप सरकार की सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत से जान सकते है और उसका लाभ उठा सकते है तभी हमारा भारत विकसित भारत बन सकेगा। मेले में भारत एवं बिहार सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनीयों में इस प्रदर्शनी को तीसरे स्थान मिला साथ ही साथ 14 दिसम्बर को पर्यटन मंत्री, बिहार सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# इनोवेशन एंड इम्पैक्ट समिट में 36 देशों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नवाचार, स्थिरता और सामाजिक प्रभाव पर रूपांतरकारी चर्चाओं में 36 देशों के 350 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग और इस क्षेत्र को गति देने पर चर्चा की।

शिव नाडर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस (आईओई), दिल्ली-एनसीआर ने उच्च शिक्षा डेटा और अंतर्दृष्टि के लिए मंच टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) के सहयोग से इनोवेशन एंड इम्पैक्ट समिट 2024 का आयोजन किया। इसमें शैक्षणिक




क्षेत्र, उद्योग और सरकार सहित विभिन्न क्षेत्रों के 350 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष, तंत्रिका विज्ञान, स्वास्थ्य नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, सस्टेनेबिलिटी और कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

वैश्विक नवाचार सूचकांक में मात्र नौ वर्षों में 81वें से 39वें स्थान पर भारत के पहुंचने पर वक्ताओं पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह हमारी समृद्ध बौद्धिक विरासत को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ने की शक्ति को दर्शाता है। अटल इनोवेशन मिशन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी पहलें कक्षाओं को रचनात्मकता के केंद्रों में बदल रही हैं, जो हमारी युवा पीढ़ी को वैश्विक चुनौतियों का आत्मविश्वास और सृजनशीलता के साथ सामना करने के लिए तैयार कर रही हैं।

# फेड, बीओई, बीओजे की मौद्रिक नीति पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सस्ते भाव वाले शेयरों में तेज खरीददारी यानी 'बॉटम फिशिंग' की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधी फीसदी चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी फेड रिजर्व, बैंक ऑफ इंगलैंड (बीओई) एवं बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे तथा अमेरिका के जीडीपी आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424 अंक अर्थात 0.52



प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर 82133.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.5 अंक यानी 0.4 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24768.30 अंक हो गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 106.9 अंक अर्थात 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 47776.62

अंक हो गया जबकि स्मॉलकैप 93.3 अंक यानी 0.2 प्रतिशत की गिरावट लेकर 56957.46 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह शुक्रवार को बाजार में आई तेजी से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी सप्ताह के अंत में सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। निचले स्तर से उछाल यह संकेत देता है कि बाजार में गिरावट पर खरीदारी की रणनीति अच्छी तरह काम कर रही है। इसके साथ ही इस वर्ष नवंबर में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सहनीय स्तर के भीतर आने तथा सब्जियों की कीमतों में मौसमी सुधार के कारण खाद्य कीमतों में और अधिक कमी आने की उम्मीद की बदौलत आरबीआई की फरवरी में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बन सकती है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने से इस वर्ष नवंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई घटकर 5.48 प्रतिशत पर आ गयी जबकि पिछले माह अक्टूबर में यह 6.21 प्रतिशत पर रही थी।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्लीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# सफाले पूर्व पारगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन

मृत्युंजय पान्डेय



**पालघर।** तहसील के सफाले पूर्व में स्थित पारगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण हेतु गुरुवार 12 दिसंबर 2024 को जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, विधायक विलास तरे, समाज कल्याण समिति सभापति मनीषा निमकर, सभापति शैला कोलेकर की विशेष उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। बतादें कि सभापति मनीषा निमकर, स्थानीय पंचायत समिति सदस्या कामिनी पाटील समेत ग्रामीण भी कई वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग कर रहे थे। जिसकी बदौलत पिछले वर्ष पारगांव स्वास्थ्य केंद्र को मंजूरी दी गई थी। जिसके परिणाम स्वरूप गुरुवार 12 दिसंबर 2024 को भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आरोग्य अभियान पालघर जिला एकीकृत स्वास्थ्य व परिवार कल्याण पालघर के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जिला परिषद एकीकृत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सोसायटी पालघर के आदेशानुसार प्रशासनिक स्वास्थ्य केंद्र को मंजूरी दी गई है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 1 करोड़ 43 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी संतोष चौधरी ने बताया कि यह उपकेंद्र छह माह में बनकर तैयार हो जायेगा और अगले जून माह तक लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा कक्ष, औषधि निर्माण अधिकारी कक्ष, महिला कक्ष, पुरुष कक्ष, प्रयोगशाला, आपातकालीन कक्ष, कैंटीन आदि का निर्माण किया जायेगा।

इस स्वास्थ्य केंद्र का लाभ क्षेत्र के गांवों के निवासियों को मिलेगा। इस भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति सदस्य कामिनी पाटील, सरपंच अंकुश जाबर, उपसरपंच वैभवी पाटील, ग्रामसेवक महेश किणी, पुलिस पाटील, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, अमित सोनवणे के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी समेत अनेक ग्रामस्थ उपस्थित थे।

## ब्रेन-डेड व्यक्ति ने 6 लोगों को दी नई जिंदगी, हेलीकॉप्टर से भेजे गए अंग

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक ब्रेन-डेड व्यक्ति के अंगों ने 6 लोगों की जिंदगी बचा ली है। इस घटना ने अंग दान के महत्व को और अधिक उजागर किया है। झालावाड़ के मनपुरा पिपाजी गांव में 33 साल के विष्णु प्रसाद 10 दिसंबर को एक झगड़े के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 12 दिसंबर को डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेन-डेड घोषित कर दिया। परिवार की सहमति से उनके अंगों का दान किया गया, जिससे छह लोगों की जिंदगी बचाई जा सकी। विष्णु प्रसाद के अंगों को पहली बार हेलीकॉप्टर के जरिए जयपुर और जोधपुर भेजा गया। जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि विष्णु के शरीर से एक किडनी, दो फेफड़े और दिल जयपुर भेजे गए, जबकि एक अन्य किडनी और जिगर जोधपुर के एम्स अस्पताल भेजे गए। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में अंगों को ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। फिर हेलीकॉप्टर ने जोधपुर के लिए उड़ान भरी, जहां अंगों का प्रत्यारोपण किया गया। विष्णु प्रसाद के परिवार ने अपनी कठिन स्थिति में भी अंग दान के लिए सहमति दी, जिससे उनकी साहसिकता ने कई लोगों को जीवन का दूसरा मौका दिया। झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जन डॉ. रामसेवक योगी के अनुसार, विष्णु प्रसाद को 11 दिसंबर को गंभीर चोटें आई थीं और मेडिकल कमेटी ने उन्हें ब्रेन-डेड घोषित कर दिया। इसके बाद जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ और अन्य डॉक्टरों की उपस्थिति में प्रसाद के पिता और पत्नी अनीता ने अंग दान के लिए अपनी सहमति दी। इस पहल से यह साबित हुआ कि अंग दान के जरिए कई जीवन बचाए जा सकते हैं और यह एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है अंग प्रत्यारोपण की दिशा में। विष्णु प्रसाद के परिवार के साहसिक फैसले से छह लोगों को नया जीवन मिला और यह अंग दान की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

## संक्षिप्त सामाचार

### मणिपुर में बिहार के 2 मजदूरों की हत्या पर सीएम नीतीश ने जताया दुख

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मणिपुर में उपद्रवी हिंसा में बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले लक्ष्मण कुमार और दशरथ कुमार की हत्या से मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मणिपुर में बिहार निवासियों की हत्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत स्व. लक्ष्मण कुमार और स्व. दशरथ कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही श्रम संसाधन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से नियमानुसार अन्य लाभ दिलाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति की जानकारी लेने तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया है। बता दें कि मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार शाम कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने बिहार के दो प्रवासी श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शाम करीब 5.20 बजे काकचिंग-वाबागई रोड पर के इराक में पंचायत कार्यालय के पास हुई। पुलिस ने बताया कि इस घटना के पीछे के लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### फ्रांस में चक्रवात 'चिडो से बड़ी तबाही, 12 से अधिक लोगों की मौत

**मास्को।** हिंद महासागर में फ्रांसीसी क्षेत्र मायोट में चक्रवात 'चिडो के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि घायलों की सटीक संख्या अभी ज्ञात नहीं है लेकिन मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मायोट के एक अस्पताल ने बताया कि वहां भर्ती नौ लोगों की हालत गंभीर है और 246 अन्य घायल हैं। उष्णकटिबंधीय चक्रवात दक्षिण-पूर्वी हिंद महासागर से होकर गुजरा, जिसका असर कोमोरोस और मेडागास्कर पर भी पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि मायोट सीधे चक्रवात के रास्ते में पड़ा और शनिवार को उसे भारी नुकसान हुआ। मायोट के प्रीफेक्ट (शीर्ष अधिकारी) ने कहा कि यह 90 सालों में मायोट में आया सबसे भीषण चक्रवात था। 'चिडो अब अफ्रीकी मुख्य भूभाग मोजाम्बिक में पहुंच चुका है, जहां आपातकालीन अधिकारियों ने आशंका जताई है कि दो उत्तरी प्रांतों में 25 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### पूर्व अमेरिकी स्पीकर नैन्सी पेलोसी यूरोप में चोट लगने से घायल, अस्पताल में भर्ती

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की स्पीकर नैन्सी पेलोसी, जो कि 84 वर्ष की हैं, लक्जमबर्ग की यात्रा के दौरान घायल हो गईं और अस्पताल में भर्ती हैं। यह जानकारी उनके कार्यालय ने शुक्रवार को दी। पेलोसी लक्जमबर्ग में एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैटल ऑफ द बुल्ज की 80वीं वर्षगांठ मनाने गई थीं। वहीं एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान उन्हें चोट लगी। उनके प्रवक्ता इयान क्रैगर ने बताया, स्पीकर एमेरिटा नैन्सी पेलोसी को डॉक्टरों द्वारा बेहतरीन इलाज दिया जा रहा है। वह अभी भी काम कर रही हैं। पेलोसी, जो पहली महिला स्पीकर थीं, ने 2023 में इस पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन वह अभी भी हाउस में सेवाएं दे रही हैं।

## 2500 रुपए देने का वादा कर महिलाओं को बहलाना चाहते हैं तेजस्वीः मंगल पांडेय

एजेंसी



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने आज कहा कि अपमान करने वाले राष्ट्रीय जनता दल (त्श्रक) के झूठे वादों पर राज्य की महिलाएं कभी भरोसा नहीं करेंगी। पांडे ने रविवार को कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव झूठे वादे का पहाड़ खड़ा कर बिहार की महिलाओं एवं अन्य वोटरों को झांसा देने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि विगत विधानसभा उपचुनाव में करारी हार के बाद से राजद में बेचौनी है। बिखरते माई और बाप समीकरण की वजह से तेजस्वी यादव तरह-तरह के वादे करते फिर रहे हैं। 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वादे के बाद उन्हें महिलाओं की याद आई है। तीन दिन पहले सीएम की महिला संवाद यात्रा को लालू प्रसाद ने आंख सेंकने वाला बता कर एक तरह से बिहार की महिलाओं को गाली दी थी। अब तेजस्वी यादव माई-बहिन-मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति महीने 2500 रुपये देने का वादा कर महिलाओं को बहलाना चाहते हैं। मंगल पांडे ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में राजद का कोई तिकड़म नहीं चलने वाला है।

बिहार की महिलाओं को अच्छी तरह मालूम है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिलाओं के सच्चे हितैषी हैं। राजद का तिकड़म काम नहीं आने वाला है।

# पालघर जिला परिषद मुख्यालय द्वारा चार अस्पताल में एम्बुलेंस का किया गया लोकार्पण

मृत्युंजय पान्डेय



**पालघर।** जिला में महाराष्ट्र शासन उपसंचालक , परिवहन के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, जिला परिषद पालघर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवघर तहसील वसई को एक एम्बुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रनगर तहसील दहानु को एक एम्बुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा को एक एम्बुलेंस तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सूत्रकार तहसील तलासरी को एक एम्बुलेंस यानी कुल मिलाकर चार एम्बुलेंस दिया गया।

जिसका लोकार्पण पालघर जिला परिषद मुख्यालय में शुक्रवार 13 दिसंबर 2024 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, समाज कल्याण समिति सभापति मनीषा निमकर, कृषि एवं पशुसंवर्धन समिति सभापति संदीप पावड़े, निर्माण स्वास्थ्य समिति सभापति संदेश ढोणे, महिला एवं बाल कल्याण समिति सभापति रोहिणी शेलार के साथ ही जिला परिषद सदस्यों तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी की विशेष उपस्थिति में जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम व जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज कोरे के शुभ हाथों किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, जिला परिषद सदस्य मंगेश भोईर, हबीब शेख, अनिल झिरवा ने स्वयं एम्बुलेंस चलाकर शुभारंभ किया।

जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने ड्राइवरों से कहा कि एम्बुलेंस की देखभाल ऐसे करें जैसे कि यह आपकी अपनी संपत्ति हो, आप मरीजों की सेवा कर रहे हैं और एम्बुलेंस भी अच्छी स्थिति में है, इसलिए इसकी भी देखभाल करना आपका कर्तव्य है। इस अवसर पर जिला परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## आस्ट्रेलिया में क्रिसमस की जबरदस्त तैयारी, जगमगाते शहर, जश्न और खेल की परंपरा शामिल

एजेंसी



सिडनी 'बॉक्सिंग डे टेस्ट, 'सिडनी .होबर्ट यॉट रेस या फिर परिवार के साथ बीच क्रिकेट, हर आस्ट्रेलियाई के क्रिसमस कैलेंडर में शामिल है कोई खेल और उनके खेल प्रेम की झलक इस त्योहार की तैयारियों में भी नजर आ रही है। सिडनी से लेकर मेलबर्न और ब्रिसबेन तक हर शहर में क्रिसमस की तैयारियां चरम पर हैं।

संगीत कन्सर्ट, तोहफों का आदान प्रदान, पारंपरिक खान-पान और रात में नदी के किनारे जगमगाती रोशनी के बीच डिनर- इन दिनों हर शहर में यही नजारा है। शाम को पार्क में या बीच पर लोग परिवार के साथ क्रिकेट, वॉलीबॉल या फिर फुटबॉल खेलते दिखेंगे। चंडीगढ से पहली बार यहां घूमने आई दीपना अरोड़ा ने कहा,'' मैंने इतना खूबसूरत क्रिसमस कहीं नहीं देखा। हर जगह इतनी रोशनी है और लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। हर कोई परिवार के साथ है और यह जश्न नये साल तक चलता रहेगा क्योंकि तीन जनवरी से यहां भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांचवां टेस्ट भी खेला जाना है। दक्षिणी गोलार्ध में होने के कारण आस्ट्रेलिया में क्रिसमस गर्मियों में पड़ता है और इसी दौरान रहता है क्रिकेट का भी मौसम। लिहाजा खेलों के दीवाने आस्ट्रेलियाई लोगों के लिये तो यह सोने पे सुहागा है।

क्रिकेट देखने के अलावा खूबसूरत बीच पर परिवार के साथ क्रिकेट खेलते या तैराकी का मजा लेते भी लोग बड़ी संख्या में दिख जायेंगे। क्रिसमस के अगले दिन मेलबर्न का 'बॉक्सिंग डे टेस्ट तो दुनिया भर में मशहूर है ही, वहीं सिडनी से होबर्ट तक इसी दिन शुरू होने वाली 1170 किलोमीटर की यॉट रेस (नाव की दौड़) भी क्रिसमस परंपरा में शामिल है जिसकी शुरूआत 1945 में हुई थी।

इस साल भी आस्ट्रेलिया के क्रूसिंग यॉट क्लब द्वारा आयोजित 78वीं रेस में भाग लेने के लिये 112 यॉट तैयार हैं और रेस दो जनवरी को होबर्ट में खत्म होगी जहां इसके स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं।ब्रिसबेन में क्वींस स्ट्रीट मॉल पर दर्जनों बेकरी से आती केक की खुशबू हवा में तैर रही है। युवाओं का कोई ग्रुप सैंटा क्लाज के कपड़ों में रेस्त्रां में बैठकर गप्पे लड़ा रहा है तो एक किनारे पर कोई कलाकार वायलिन बजा रहा है या फिर कहीं गीतों के जरिये क्रिसमस की कहानी सुनाई जा रही है। रात में शहर के मशहूर सिटी हॉल पर लाइट और साउंड शो 'सांटास एसओएस रू अ क्रिसमस रेस्क्यूश् चल रहा है। गाबा पर भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है लेकिन बारह वर्ष के एलेन को इसकी टिकट नहीं मिल सकी और अब वह अपने दादाजी के साथ साउथबैंक पर क्रिकेट खेलने जाना चाहते हैं ।

एलेन ने कहा,'' मैं अपने दादाजी से कह रहा हूं कि हम वीकेंड पर क्रिकेट खेलते हैं। मेरे लिये क्रिसमस का मतलब अपने दादा- दादी के साथ समय बिताना है और हम इस दौरान खूब मस्ती करते हैं, खूब खेलते हैं। मुझे साल भर इसका इंतजार रहता है।फ्रांसीसी मूल की मेलिना को आस्ट्रेलिया में क्रिसमस ज्यादा अच्छा लगता है क्योंकि इस दौरान यहां गर्मी का मौसम रहता है। उन्होंने कहा,'' यूरोप में इस समय बर्फ गिरती है लेकिन आस्ट्रेलिया में क्रिसमस गर्मियों में होता है और इसलिये मुझे बहुत पसंद है।

## प्रणब को 2012 में प्रधानमंत्री, मनमोहन को राष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए था, किताब में मणिशंकर अय्यर ने किए कई खुलासे

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी नई पुस्तक में कहा है कि 2012 में जब राष्ट्रपति पद रिक्त हुआ था तब प्रणब मुखर्जी को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)- दो सरकार की बागडोर सौंपी जानी चाहिए थी और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए था।

अय्यर (83) ने पुस्तक में लिखा है कि यदि उस समय ऐसा किया गया होता तो संप्रग सरकार ''शासन के पंगु बनने की स्थिति में नहीं पहुंचती। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में बनाए रखने और प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति भवन भेजने के निर्णय ने संप्रग के तीसरी बार सरकार गठित करने की संभावनाओं को ''खत्म कर दिया। अय्यर ने अपनी पुस्तक 'ए मैवरिक इन पॉलिटिक्स में ये विचार रखे हैं। इस पुस्तक को 'जगरनॉट ने प्रकाशित किया है। पुस्तक में अय्यर ने राजनीति में अपने शुरुआती दिनों, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के शासनकाल, संप्रग-एक में मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल, राज्यसभा में अपने कार्यकाल और फिर अपनी स्थिति में ''गिरावट...परिदृश्य से बाहर होने...पतन का जिक्र किया है। अय्यर ने लिखा, ''2012 में प्रधानमंत्री (मनमोहन सिंह) को कई बार 'कोरोनरी बाइपास सर्जरी करानी पड़ी। वह शारीरिक रूप से कभी पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो पाए। इससे उनके काम करने की गति धीमी हो गई और इसका असर शासन पर भी पड़ा। जब प्रधानमंत्री का स्वास्थ्य खराब हुआ, लगभग उसी समय (तत्कालीन) कांग्रेस अध्यक्ष (सोनिया गांधी) भी बीमार पड़ी थीं लेकिन पार्टी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की।

## अतुल सुभाष खुदकुशी मामले में बेंगलुरु पुलिस ने पत्नी निकिता समेत 3 लोगों को किया गिरफ्तार

एजेंसी



**गुरुग्राम।** अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया को बेंगलुरू पुलिस ने गुरुग्राम से निकिता सिंघानिया और मां निशा सिघांनिया समेत भाई अनुराग को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। अतुल सुभाष ने तीनों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। तीनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

अतुल ने निकिता और उनके परिवार पर उत्पीड़न और जबरन वसूली का आरोप लगाया था। शुक्रवार को बेंगलुरू पुलिस ने निकिता सिंघानिया के जौनपुर में स्थित मकान पर नोटिस चस्पा किया था। इसमें तीन दिन में बयान दर्ज करने को कहा गया था। निकिता सिंघानिया ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। बेंगलुरू पुलिस ने इस मामले में निकिता सिंघानिया, मां निशा सिंघानिया, भाई अनुराग सिंघानिया और चाचा सुशील सिंघानिया को आरोपी बनाया है। सिंघानिया परिवार ने कोर्ट में अपने वकील का पैनल नियुक्त किया था। बता दें, अतुल ने आत्महत्या से पहले 1 घंटे 23 मिनट का वीडियो और 24 पेज का सुसाइड नोट जारी करके अपनी पत्नी और उसके परिवार वालों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उन्होंने सिंघानिया पर मामले को निपटाने के लिए 3 करोड़ रुपये मांगने का आरोप लगाया था। अतुल ने निकिता के पर कई तरह के फर्जी मुकदमे दर्ज कराने के आरोप लगाए थे। बाद में निकिता सिंघानिया ने तलाक का मुकदमा और सीजेएम कोर्ट में हत्या, मारपीट और अप्राकृतिक यौन संबंध के मुकदमे को बाद में वापस ले लिया था। जौनपुर की अदालत में सुभाष पर तीन मुकदमे चल रहे हैं। इसमें एक मुकदमा दहेज प्रथा और मारपीट को लेकर है जिस पर अगली सुनवाई 12 जनवरी 2025 को तय है। अतुल मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे और उनके ससुराल वाले मूल रूप से जौनपुर के। इस मामले की सुनवाई जौनपुर फैमिली कोर्ट में चल रही थी। अतुल ने अपने आरोप में कहा था कि जज रीता कौशिक ने मामले को निपटाने के लिए उनसे 5 लाख रुपए भी मांगे थे।

## मुंबई के वर्ली में बनी पूनम चौंबर इमारत में लगी आग

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली इलाके में स्थित बनी पूनम चौंबर इमारत में आज भीषण आग लग गई। आग की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। बता दें कि आग इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी है लेकिन अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं आई है। आग कैसे लगी इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। फायर ब्रिगेड की टीमें आग को बुझाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं जबकि पुलिस ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोग और कर्मचारी इमारत के बाहर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं जबकि अग्निशमन विभाग के अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। घटना के बाद आसपास के इलाकों में अफरातफरी का माहौल बन गया लेकिन राहत की बात यह है कि अभी तक किसी तरह के बड़े नुकसान की जानकारी नहीं है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes
आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007